सरकार ने एक महिला को इसलिए पुरस्कार दिया क्योंकि उसने अपनी ससुराल में शौचालय की मांग की। सरकार ने अपनी फोटो उसके साथ खिंचवा ली और वह दस्तावेज का हिस्सा बन गया। सरकार का मकसद इतिहास के पन्नों को रंगीन छपाई करवाने का है तो इस इन प्रयासों से शौचालय की समस्या दस्तावेजों में ही हल हो सकती है। ससुराल उसका अपना घर है, वहां उसे मांग करने की जरूरत नहीं हो सकती है; खासकर तब जबकि वह इतनी ताकतवर है कि अपनी ससुराल में कोई सशर्त मांग खड़ी कर सके। आमतौर पर महिलाओं की यह स्थिति नहीं है। ऐसा होता तो वे सबसे पहले अपनी बीमारियों के सबसे बड़े कारण घरों में शौचालय के अभाव को दूर करतीं।

कहने का आशय यही है कि भारतीय गरीब घरों में शौचालयों के प्रति गरीबों का उपेक्षा का भाव एक नहीं, कई तरह की मजबूरियों की उपज है। सरकार अब तक सभी भारतीय घरों में शौचालयों के न पहुंच पाने की स्थिति अगर देख रही है तो उसे इस दिशा में चल रहे अपने कार्यक्रमों पर अवश्य गौर करना चाहिए।

नजर से ओझल एक बुनियादी जरूरत

प्रसंगवश

स्त्रियों के विशेषाधिकारों की बात होने लगी है लेकिन अभी तक उसके सामान्य अधिकारों का ही संघर्ष खत्म नहीं हुआ है। सार्वजनिक स्थलों में साफ-सुथरे शौचालयों पर स्त्री का बुनियादी हक तो बनता ही है। लेकिन स्त्री की इतनी मामूली- सी लेकिन अहम जरूरत को भी समाज और सरकारों ने हमेशा से नकारा है। बल्कि सच तो यह है कि इस तरफ किसी का ध्यान ही नहीं गया। आधी आबादी यानी पुरुषों के लिए सार्वजनिक जगहों पर शौचालयों का न होना किसी समस्या जैसा है ही नहीं। क्योंकि वे अपनी जरूरत के लिए शौचालयों के मोहताज नहीं! किसी भी गली-मोहल्ले, नुक्कड़, मैदान और सार्वजनिक जगह के साथ वे निसंकोच शौचालय जैसा व्यवहार करने को आजाद हैं!

देश के इतिहास में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रियों की इस अव्यक्त समस्या पर नोटिस लिया। स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था को शिक्षा के बुनियादी अधिकार से जोड़ा गया है,18 अक्तूबर 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों में शौचालयों की व्यवस्था को लेकर बेहद अहम आदेश दिया। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आदेश दिया गया कि वे सभी स्कूलों में अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था 30नवंबर तक करें।

पूरे देश के लगभग आधे स्कूलों में आज भी साफ-सुथरे शौचालयों की कोई व्यवस्था नहीं है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई दोनों समयसीमाएं खत्म हो चुकी हैं लेकिन अब तक सभी स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था नहीं हो पाई है।

सभी स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग साफ-सुथरे शौचालयों की स्थाई व्यवस्था के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 31दिसंबर की अंतिम तारीख दी, जिसे बाद में बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया।

पूरे देश के लगभग आधे स्कूलों में आज भी साफ-सुथरे शौचालयों की कोई व्यवस्था नहीं है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई दोनों समयसीमाएं खत्म हो चुकी हैं लेकिन अब तक सभी स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। लेकिन यह अपने आप में अहम है कि कम से कम लड़कियों के लिए स्कूलों में अलग से शौचालयों की जरूरत को समझा गया, रेखांकित किया गया। सार्वजनिक जगहों और अलग-अलग संस्थानों में महिला शौचालयों की जरूरत को समझा जाना एक स्त्री-संवेदी सूचक है।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारत की स्त्रियों को ही सार्वजनिक स्थानों और संस्थानों में महिला शौचालयों की घोर कमी का सामना करना पड़ रहा है। पड़ोसी देश चीन में भी महिला शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। इसी से तंग आकर कॉलेज की छात्राओं के एक समूह ने 'आक्युपाई वॉल स्ट्रीट' की तर्ज पर 'आक्युपाई मेन्स टायलेट' जैसे आंदोलन की शुरुआत की। सार्वजनिक महिला शौचालयों की कमी के विरोध में कॉलेज की छात्राओं के एक समूह ने पुरुष शौचालयों का उपयोग करते हुए सार्वजनिक महिला शौचालयों को बढ़ाने की मांग की है। लिंग समानता की तरफ पहल के तौर पर यहां इस अधिकार की मांग की जा रही है। 1996 में ताइवान में भी इस तरह की घटनाएं सामने आई थीं।

स्कूल, कॉलेज, दफ्तर और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिला शौचालयों का न होना सिर्फ महिला शौचालयों की कमी का मसला भर नहीं है। शौचालयों के घोर अभाव की वजह से जो शारीरिक परेशानियां लड़कियों और महिलाओं को होती हैं, वे चिंता का विषय हैं। ज्यादा देर तक दबाव को रोकने की वजह से महिलाओं और लड़कियों के शरीर में कई खतरनाक बीमारियों के पैदा होने की आशंका रहती है। गुर्दे में रक्त प्रवाह की कमी, गुर्दे में संक्रमण या खराबी या किडनी फेल या मूत्रनली में रुकावट जैसी तमाम व्याधियां घेर लेती हैं। यह महज संयोग ही नहीं कि लड़कियों में मूत्रसंबंधी संक्रमण का खतरा लड़कों की अपेक्षा ज्यादा होता है। एक शोध में सामने आया है कि सोलह की उम्र से पहले ग्यारह फीसद लड़कियों और चार फीसद लड़कों में मूत्रनलिका संबंधी संक्रमण होता है।

दिन के कई घंटे मूत्र रोककर कक्षा में बैठे रहने की मजबूरी भी बच्चियों को स्कूल के प्रति हतोत्साहित करती है। मासिक चक्र के समय स्कूलों में शौचालयों की कमी कितनी खलती होगी कोई इन लड़कियों से पूछे। शौचालयों की सामान्य सी सुविधा की कमी की वजह से स्त्रियों को सार्वजनिक जीवन में कितनी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ये परेशानी तब और भी गंभीर हो जाती है जब शरीर में शौच रोकने संबंधी बीमारियां पैदा हो जाती हैं। सार्वजनिक जीवन में स्त्रियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए जिस बुनियादी ढांचे को खड़ा करने की जरूरत है उसमें सार्वजनिक महिला शौचालय निर्माण एक अहम घटक है।

केरल की एक एजेंसी ने शहर के मुख्य स्थानों और पर्यटन स्थलों पर विशेषतौर पर से महिलाओं के लिए शौचालय बनाने की परियोजना शुरू की है। देश में पहली बार इस तरह की अनूठी पहल हो रही है। राज्य महिला विकास निगम द्वारा इस योजना के पहले चरण में 35 शी-टायलेट बनाए जाएंगे। इनमें महिलाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग और इस्तेमाल किए जा चुके नैपकिन को जलाने वाली मशीनें भी लगाई जाएंगी। केरल के एरनाकुलम में लड़कियों के एक स्कूल में देश का पहला इलेक्ट्रॉनिक शौचालय बनाया गया है।

न सिर्फ सार्वजनिक महिला शौचालयों की कमी एक समस्या है बल्कि आज भी सिर्फ 46.9 फीसद घरों में ही शौचालय की सुविधा है। नई जनगणना में सामने आया है कि घरेलू शौचालय की बजाय मोबाइल फोन रखने वाले घरों की संख्या ज्यादा है। शहरों की भीड़-भाड़ और समाज का स्त्रियों के प्रति नजरिया- ये चीजें स्त्रियों की शौचालय संबंधी समस्या को कितना ज्यादा विकट और पेचीदा बना देती हैं। कितने अचरज की बात है कि स्त्री के दिल, दिमाग, शरीर और एकांत पर भी पहरे बिठाने वाला समाज उसके नितांत निजी जरूरतों के प्रति कितना उदासीन और घोर असंवेदनशील है। स्त्री की बुनियादी जरूरतों से लेकर मानसिक, शारीरिक भावनात्मक तमाम तरह की जरूरतें पुरुषों और पितृसत्तात्मक समाज ने अपने हिसाब से तय की हैं। ज्यादातर पुरुषों को लगता है कि स्त्री के पास सोने के गहने होना जरूरी है, इसलिए उसके पास वे होते हैं, किसी भी कीमत पर। हालांकि, उन्हें नहीं लगता कि स्त्री के लिए गहनों और अन्य ताम-झाम से ज्यादा जरूरी घर और बाहर में शौचालय की व्यवस्था है, इसलिए वे नहीं हैं। बेटियों के विवाह के वक्त पक्केतौर पर सोने के गहने चिंता का विषय होते हैं, ससुराल में शौचालय तो सपने में भी किसी की चिंता का विषय नहीं होता।

ग्रामीण और शहरी, स्त्रियों के स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताने वाली सारी सरकारी कथनियां कितनी थोथी नजर आती हैं। शौचालय निर्माण जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने भर से कितनी बच्चियां व स्त्रियां कितनी गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बच सकती हैं। जिस समाज में लड़कियां, स्त्रियां अपनी प्रकट बीमारियों के प्रति भी चुप रहने को बाध्य हैं वहां गुप्त बीमारियों के बारे में घरवालों को अवगत कराने और उसका इलाज कराने की भला क्या और कितनी संभावना है? इन गुप्त और प्रकट बीमारियों से अकेले चुपचाप लड़ती बच्चियों, लड़कियों और स्त्रियों का गुनहगार कौन है? या कहें कि गुनहगार कौन नहीं है? विज्ञान और तकनीक की वजह से इंसान बड़ी-बड़ी और असंभव चीजें जान गया है लेकिन एक स्त्री की बुनियादी जरूरतें से ये देश-दुनिया कितनी अनजान है? सवाल तो यह भी है कि क्या सच में कोई स्त्रियों की बुनियादी जरूरतें जानना चाहता भी है या नहीं? ❑

आधी आबादी आज भी खुले में शौच को मजबूर

जनगणना रिपोर्ट 2001 के मुकाबले स्थिति में फिर भी सुधार, 63 फीसदी लोगों के पास मोबाइल फोन और 33 फीसदी घरों में है टीवी

नेशनल ब्यूरो · नई दिल्ली

देश में अच्छे स्वास्थ्य की जगह स्टेटस सिंबल को ज्यादा तवज्जो दी जा रही है। रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (आरजीआई) ने 2011 जनगणना की ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया है कि देश के लगभग 53.1 फीसदी घरों में शौचालय की सुविधा नहीं है। आधी आबादी आज भी खुले में शौच करने को मजबूर है। लेकिन इसके ठीक उलट देश में लगभग 63.2 प्रतिशत जनता मोबाइल फोन का इस्तेमाल करती है। 2001 के मुकाबले पचास फीसदी ज्यादा घरों में नए टीवी सेट खरीदे गए हैं।

जनगणना-2011 के 'मकान-सूचीकरण और मकानों की गणना' से मिले आंकड़ों के अनुसार, भारत में 70 फीसदी ग्रामीण और लगभग 19 प्रतिशत शहरी लोग आज भी खुले में शौच करते हैं।

हालांकि 2001 जनगणना के मुकाबले दस सालों में शौचालय के इस्तेमाल में कुल दस फीसदी का इजाफा भी देखा गया है। 2001 में 63.6 आबादी खुले में शौच करने को मजबूर थी। 2011 में यह आंकड़ा 53.1 प्रतिशत तक गिर गया है। इसके ठीक उलट की तस्वीर दिखाते हुए रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के लगभग 63.2 घरों में मोबाइल या टेलीफोन की सुविधा मौजूद है। सबसे रोचक बात तो यह है कि पिछले दस सालों के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 54 प्रतिशत का जबरदस्त इजाफा हुआ है।

2001 जनगणना के अनुसार सिर्फ 9.1 प्रतिशत लोग टेलीफोन या मोबाइल का इस्तेमाल करते थे। आरजीआई रिपोर्ट के अनुसार देश की 47.2 फीसदी घरों में टीवी सेट मौजूद है। बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'यूनिसेफ' के विशेषज्ञ एडन क्रोनी का कहना है ' खुले में शौच करने की वजह से ही पोलियो, हैजा और एनीमिया जैसे बीमारियों का संक्रमण बढ़ता है। भारत में 80 फीसदी बच्चों में हैजा होने का कारण गंदा पानी है। प्रमुख कारण खुले में शौच करना ही है।'

रिपोर्ट की अन्य प्रमुख बातें

- 49 फीसदी घरों में खाना बनाने के लिए सूखी लकड़ियों का इस्तेमाल
- सिर्फ 42 फीसदी घरों में ही है बाथरूम
- नल से पेयजल की सहूलियत अभी तक सिर्फ 43 प्रतिशत लोगों तक
- 67 फीसदी घरों में बिजली उपलब्ध
- 31 प्रतिशत खाना पकाने के लिए केरोसिन पर निर्भर
- 59 फीसदी परिवार बैंक सुविधा का करते हैं इस्तेमाल

... तो हर घर में होगा शौचालय

स्वच्छता अभियान जयराम ने प्रधानमंत्री से मांगे 44 हजार करोड़ रुपए, गृह निर्माण-पेयजल-स्वच्छता एक योजना में शामिल किए जाएं

शिशिर सोनी | नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश की चली तो देश में स्वच्छता का महा-अभियान चल सकेगा। खुले में शौच की परंपरा बंद होगी। हर घर में शौचालय होगा। गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वालों को शौचालय के निर्माण में केंद्रीय मदद 3 हजार 200 रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए दिए जा सकेंगे। 12वीं पंचवर्षीय योजना मे इस परियोजना को शामिल करने का अनुरोध करते हुए जयराम ने इस अभियान के लिए सीधे प्रधानमंत्री से मदद की अपील की है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि महा-अभियान पर युद्धस्तर पर काम करने के लिए योजना आयोग को 44 हजार करोड़ रुपए का आवंटन सुनिश्चित करना चाहिए। 10वीं और 11वीं पंचवर्षीय योजना में इस मद में 2 हजार 100 और 7 हजार करोड़ रुपए का इंतजाम किया गया था। जयराम इस राशि में छह गुनी बढ़ोतरी चाहते हैं। ग्रामीण विकास के साथ स्वच्छता और पेयजल मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे जयराम ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि गृह निर्माण, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता को अलग-अलग योजनाओं में शामिल करने की बजाय बेहतर जीवन के लिए जरूरी तीनों विषयों को एक ही परियोजना में शामिल किया जाना चाहिए।

खुले में शौच राष्ट्रीय शर्मः

तीन पेज का पत्र लिखकर केंद्रीय मंत्री ने 21वीं सदी में भी खुले में शौच जाने को राष्ट्रीय शर्म की संज्ञा दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को याद दिलाते हुए लिखा कि हाल ही में आपने कुपोषण को राष्ट्रीय शर्म बताया था, ठीक ऐसे ही राष्ट्रीय शर्म का विषय है खुले में शौच जाना। प्रधानमंत्री को 38 पेजों का स्वच्छता के महा-अभियान का ब्लूप्रिंट भी पत्र के साथ नत्थी कर भेजा है। उन्होंने दावा किया है कि ब्लूप्रिंट पर अमल किया गया तो वर्ष 2017 तक पचास फीसदी और वर्ष 2022 तक शत-प्रतिशत घरों में शौचालय के निर्माण का लक्ष्य सरकार पूरा कर सकती है सौ फीसदी स्वच्छता अभियान को निर्मल-ग्राम परियोजना के अनुरूप चलाए जाने का अनुरोध प्रधानमंत्री से किया गया है। देशभर में 25 हजार निर्मल-ग्राम हैं, जिनमें अकेले महाराष्ट्र में 9 हजार निर्मल-ग्राम की स्थापना हो चुकी है।

यूनेस्को और डब्लूएचओ के एक रिपोर्ट को माध्यम बनाते हुए जयराम ने प्रधानमंत्री को बताया है कि देश में अभी 60 फीसदी गरीब जनता खुले में शौच जाने को विवश है। केंद्रीय मंत्री ने शौचालय बनाए जाने को दिए जा रहे 3 हजार 200 रुपए को नाकाफी बताया है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोगों ने एक शौचालय के बनाने में कम से कम 8 हजार रुपए के खर्च का जिक्र किया है। मदद को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर उन्होंने खासा बल दिया है।

देश 2022 तक खुले शौचालय से होगा मुक्त

अमर उजाला ब्यूरो

सरकार ने रखा लक्ष्य, योजना साकार करने को बजट बढ़ाने की जरूरत

नई दिल्ली। सरकार ने स्वच्छता अभियान के तहत अगले दस वर्षों में देश को खुले शौचालय से मुक्त कराने का लक्ष्य रखा है। पंचायतों के जरिए इस योजना को साकार करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने योजना आयोग से स्वच्छता अभियान के तहत आवंटित की जाने वाली राशि को बढ़ाने का आह्वान किया है। मंत्रालय का कहना है कि लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए बारहवीं पंचवर्षीय योजना में इस मद की राशि में कम से कम 60 फीसदी की बढ़ोतरी जरूरी है।

ग्रामीण विकास मंत्री जयराम रमेश के मुताबिक मौजूदा समय सिर्फ 10 फीसदी ही ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां खुले में शौच की प्रथा समाप्त हो पाई है। लिहाजा अगले दस वर्षों में शेष 90 फीसदी ग्राम पंचायतों में खुले शौचालयों को समाप्त करने के लिए अधिक धनराशि और समयबद्ध कारगर योजना के साथ काम करना होगा। इसके लिए ग्रामीण परिवारों को घरों में शौचालय बनाने के लिए दी जाने वाली राशि बढ़ाने की आवश्यकता है। मौजूदा समय शौचालय बनाने के लिए प्रति परिवार को सरकार 3000 रुपये दे रही है। लेकिन महंगाई को देखते हुए इस राशि में शौचालय बन पाना संभव नहीं है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में यह योजना गति नहीं पकड़ पा रही है। रमेश ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को वर्ष 2022 तक खुले शौचालय से मुक्त कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए योजना आयोग से इस मद की आवंटन राशि में 60 फीसदी तक बढ़ोतरी करने की मांग की गई है।

बैतूल की अनीता को पांच लाख का सुलभ पुरस्कार

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में किफायती शौचालय आंदोलन को प्रोत्साहित करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास, पेयजल एवं स्वच्छता मामलों के मंत्री जयराम रमेश ने शौचालय के अभाव में ससुराल छोड़ने वाली अनीता नर्रे को पांच लाख रुपये के सुलभ स्वच्छता पुरस्कार से सोमवार को यहां सम्मानित किया। मध्य प्रदेश में बैतूल जिले के जीतूढाणा गांव के शिवराम नर्रे से शादी करने वाली अनीता ससुराल में शौचालय सुविधा न होने के कारण अगले ही दिन मायके लौट आई थी और शौचालय बन जाने के बाद ही दोबारा ससुराल लौटी थी।

शौचालय के प्रति अनीता की जागरूकता और उसके कड़े कदम को ध्यान में रखते हुए गैर-सरकारी संगठन सुलभ इंटरनेशनल ने उसे पांच लाख रुपये का स्वच्छता पुरस्कार देने की घोषणा की थी।

इस अवसर पर जयराम रमेश ने सामाजिक संगठनों, स्व-सहायता समूहों एवं आम आदमी से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य आने वाले एक दशक के भीतर देश के प्रत्येक गांव को निर्मल ग्राम बनाने का है।

हालांकि उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए देश के स्व-सहायता समूहों एवं गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग को महत्वपूर्ण करार दिया। रमेश ने कहा कि देश में करीब ढाई लाख ग्राम पंचायत है लेकिन वह काफी दुखद है कि फिलहाल मात्र 25 हजार पंचायत ही निर्मल ग्राम पंचायत है। उन्होंने जनता से यह संकल्प लेने की अपील की कि वह भारत को निर्मल बनाकर ही दम लेगी। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की 60 प्रतिशत महिला को शौच सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

- ससुराल में शौचालय सुविधा न होने के कारण अगले ही दिन मायके लौट आई थी अनीता और शौचालय बन जाने के बाद ही दोबारा ससुराल लौटी
- अनीता को 'स्वच्छता की दूत' की संज्ञा देते हुए देश की सभी महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेने की सलाह

बैतूल जिले की जीतूढाणा गांव की अनीता को 'स्वच्छता की दूत' की संज्ञा देते हुए देश की सभी महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने भी आगामी बजट में पेयजल और स्वच्छता के मद में चालू वित्त वर्ष की तुलना में 40 फीसद अधिक राशि आवंटित की है जो इस दिशा में सरकार की सकारात्मक सोच का प्रतीक है।

जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता एवं सुलभ आंदोलन के प्रणेता डॉ. बिन्देश्वर पाठक ने कहा कि शौचालय उपलब्ध होने की बात पर विद्रोह पर उतरने वाली इस ग्रामीण महिला ने इस देश के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया है, जहां 66 करोड़ की आबादी खुले में शौच करती है।

देखी सुनी अंक: 25 (राष्ट्रीय सहारा, अमर उजाला, दैनिक भास्कर व जनसत्ता) से लिये गये लेख,

दो टूक

ज्यां द्रेज

अर्थनीति

edit@amarujala.com

अपने-अपने गरीब

यही कारण है कि गोदामों में अनाज भरे हैं और गरीब भूखे मर रहे हैं

झारखंड के लातेहार जिले के डबलू सिंह के परिवार की दुर्दशा वर्तमान खाद्य नीतियों की विसंगतियों को जितनी मार्मिकता से उजागर करती है, उतनी शायद कोई और बात नहीं करती। दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर आदिवासी युवक डबलू तकरीबन दो साल पहले काम करते वक्त छत से गिर पड़ा और उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई। उसका परिवार भुखमरी के कगार पर खड़ा है। झारखंड में गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे के परिवारों को प्रति माह एक रुपया की दर से 35 किलो अनाज हासिल करने का हक है। लेकिन डबलू सिंह के परिवार के पास बीपीएल कार्ड नहीं है।

बहरहाल, भारतीय खाद्य निगम के गोदाम एक बार फिर ठसाठस भरे हुए हैं। लेकिन डबलू सरीखे परिवारों की कमी नहीं। नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार, ग्रामीण भारत के कुल गरीब परिवारों में से तकरीबन आधे के पास बीपीएल कार्ड नहीं है, तो क्यों न इन परिवारों को भी बीपीएल कार्ड देकर उनमें अनाज बांट दिया जाए? डबलू सिंह की एकमात्र आशा यही है कि उसका दुख नजर में आ गया है। दुर्घटना के तुरत बाद सबसे पहले उस पर स्थानीय पत्रकार की नजर गई फिर जिला कलेक्टर और बाद में स्थानीय विधायक तथा बाकियों की। सबने माना कि फौरी राहत के तौर पर उसे बीपीएल कार्ड मिलना चाहिए।

लेकिन प्रशासनिक दांव-पेच के कारण जब उसे बीपीएल कार्ड नहीं मिला, तो डबलू के शुभचिंतकों ने यह मामला रांची से लेकर दिल्ली तक उठाया। जब सुप्रीम कोर्ट के कमिश्नरों ने कमान संभाली और जिला कलेक्टर को तलब किया, तब जाकर उसने माना कि जिला प्रशासन डबलू को बीपीएल कार्ड देने में लाचार है, क्योंकि इसके लिए किसी का नाम बीपीएल सूची से बाहर करना पड़ेगा। गौरतलब है कि जिले का बीपीएल कोटा निर्धारित है, इसलिए जिले की बीपीएल सूची से किसी का नाम हटाए बगैर उसमें नया नाम जोड़ा नहीं जा सकता।

लातेहार से दिल्ली तक फैली डबलू के शुभचिंतकों की एक पूरी टोली के एक साल से ज्यादा की कोशिशों के बावजूद कुछ हफ्ते पहले तक मामला यहीं तक पहुंचा था। खैर, स्थानीय प्रखंड आपूर्ति अधिकारी ने जुगत लगाई और बलि का बकरा ढूंढ निकाला। डबलू के गांव में किसी की मौत हो गई थी, उसकी पत्नी भी चल बसी थी और उसके बेटे को अलग से एक बीपीएल कार्ड था, इसलिए मृतक का नाम सूची से हटाकर उसमें डबलू का नाम जोड़ना ठीक जान पड़ा। इसमें 10-15 दिन लगे और डबलू को बीपीएल कार्ड मिल गया।

> **तमिलनाडु में जिस गरीब को रियायती दर पर अनाज मिलता है, वह झारखंड में इस सुविधा से वंचित क्यों है?**

लेकिन एक पेच और है : हो सकता है, डबलू जल्दी ही अपने बीपीएल कार्ड से वंचित हो जाए, क्योंकि मौजूदा 'बीपीएल जनगणना' पूरी होने के बाद बीपीएल सूची फिर से बनाई जानी है। और, इस जनगणना की पद्धति ऐसी है कि इसमें गरीब में गिने जाने के लिए निर्धारित सात 'कसौटियों' में से डबलू का परिवार बस एक पर खरा उतरता है। बीपीएल में डबलू के शामिल होने को तनिक और कठिन बनाने के लिए योजना आयोग ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण इलाके में 26 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन को गरीबों के आकलन में मानक मनाने वाली आधिकारिक गरीबी रेखा के हिसाब से बीपीएल की सूची आगे चलकर छोटी होने वाली है। डबलू को तो रोजाना कम से कम 25 रुपये अपने जरूरी डॉक्टरी देखभाल के लिए ही चाहिए।

कई राज्यों ने योजना आयोग की इस गरीबी रेखा के प्रति विद्रोह किया है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बीपीएल सूची से ज्यादा बड़ा विस्तार दिया है। यदि डबलू तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश या छत्तीसगढ़ में रह रहा होता, तो उसे इस अग्निपरीक्षा से नहीं गुजरना पड़ता। तमिलनाडु में पीडीएस सार्वजनिक है, वहां हरेक के पास राशन कार्ड है। आंध्र प्रदेश में सरकारी नौकरी करने वाले को छोड़कर सबको राशन कार्ड के योग्य माना गया है। छत्तीसगढ़ में 'समावेशी पद्धति' का इस्तेमाल होता है, लेकिन समावेश की कसौटी व्यापक है। जैसे वहां अनुसूचित जाति-जनजाति के सभी परिवारों को राशन कार्ड के योग्य माना गया है और पीडीएस के दायरे में लगभग 80 फीसदी ग्रामीण आबादी शामिल है। फिर, राशन कार्ड की तालिका का नियमित अंतराल पर सत्यापन होता है।

लातेहार जैसे ग्रामीण इलाकों में सार्वभौमिक (यूनिवर्सल) पीडीएस की बड़ी जरूरत है। दरअसल ठेकेदारों और महाजनों को छोड़कर वहां कोई धनी आदमी नहीं है। अपने बच्चे का दाखिला तनिक बेहतर स्कूलों में करवाना हो, तब भी इलाके के ज्यादातर धनी लोग शहर चले जाते हैं। गांवों में लगभग सारे लोग या तो गरीब हैं या फिर गरीबी के कगार पर। फिर, स्थानीय प्रशासन इतना अकर्मण्य, भ्रष्ट और शोषक है कि न तो कोई विश्वसनीय बीपीएल सर्वेक्षण करा सकता है और न ही गरीबों को चिह्नित करने संबंधी कोई और काम।

प्रस्तावित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, गरीबी रेखा से जुड़े इस दुःस्वप्न को समाप्त करने और इस बात को सुनिश्चित करने का एक अवसर है कि डबलू सरीखे परिवारों को खाद्य सबसिडी बतौर हक मिले। दुर्भाग्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के आधिकारिक मसौदे में बीपीएल वाली मानसिकता को ही नए कलेवर में पेश किया गया है। इस बीच सरकार ने खाद्य संकट के समाधान के नाम पर निजी निर्यातकों को बाजार में भी कम दाम पर अनाज बेचना शुरू कर दिया है।

- लेखक जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता और अर्थशास्त्री हैं।

पसंदीदा दुकान से अब राशन लें या कैश

सरकार ने नीलेकणि के फॉर्मूले को दी सैद्धांतिक मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के उपभोक्ताओं को जल्द ही एक नई सुविधा मिलने वाली है। वे या तो रियायती राशन को अपनी पसंदीदा दुकान से खरीद सकेंगे या फिर इसके बदले नकद ले सकेंगे। पीडीएस में सुधार का यह फॉर्मूला नंदन नीलेकणि की अगुवाई वाले टास्क फोर्स ने सरकार को सुझाया है। सरकार ने सैद्धांतिक तौर पर इन सुझावों को मंजूरी भी दे दी है।

गड़बड़ी रोकने के लिए टास्क फोर्स ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आधार कार्ड आधारित बैंक खातों के इस्तेमाल का भी फॉर्मूला सुझाया है। ये सुझाव टास्क फोर्स की ओर से तैयार 'आईटी स्ट्रेटजी फॉर द पीडीएस' को लेकर तैयार रिपोर्ट का एक हिस्सा है। यह रिपोर्ट बुधवार को वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी के समक्ष पेश कर दी गई। प्रणब को रिपोर्ट सौंपने के बाद यूआईडीएआई के चेयरमैन नंदन नीलेकणि ने कहा कि सरकार ने सैद्धांतिक तौर पर इस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। अब इस पर

> **पीडीएस में सुधार को टास्क फोर्स ने आईटी के इस्तेमाल का भी दिया सुझाव**

समुचित कदम उठाने की तैयारी चल रही है। पीडीएस नेटवर्क में सुधार के लिए दो चरणों वाली रणनीति का सुझाव देते हुए टास्क फोर्स ने कहा है कि यह लाभार्थियों की इच्छा पर निर्भर करेगा कि वे या तो वे राशन खरीद के लिए अपनी पसंदीदा जगह, राशन की मात्रा और मिश्रण के बारे में बता सकते हैं या फिर वे राशन के मूल्य पर मिलने वाली सब्सिडी की रकम नकद ले सकते हैं। मौजूदा समय में पीडीएस उपभोक्ता केवल तयशुदा दुकान से तयशुदा मात्रा में ही राशन ले सकता है। देशभर में 4.62 लाख उचित मूल्य दुकानें हैं जिनके जरिए करीब 18 करोड़ परिवारों को 30 हजार करोड़ से ज्यादा कीमत के गेहूं, चावल, चीनी का वितरण किया जाता है।

मां होगी परिवार की मुखिया

राशन कार्ड में नाम ऊपर होगा, पैसा भी महिलाओं के नाम पर ही जारी होगा

पंकज कुमार पांडेय | नई दिल्ली

पितृ प्रधान समाज की धारणा धीरे-धीरे बदल रही है। 'मेरे पास मां है' का गर्वीला फिल्मी संवाद अब यूपीए सरकार के एक महत्वपूर्ण कदम से घर-घर की कहानी बन सकता है। केंद्र सरकार ने तय किया है कि अब खाद्य सुरक्षा का लाभ देने के लिए बनने वाले राशन कार्ड में अनिवार्य रूप से पहला नाम 'मां' का होगा। मां के बाद ही परिवार के अन्य सदस्यों के नाम दर्ज किए जाएंगे। केंद्रीय खाद्य वितरण व नागरिक आपूर्ति मामलों के मंत्री केवी थॉमस ने भास्कर से खास बातचीत में इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि राशन कार्ड में अब किसी पुरुष का नाम पहले नहीं होगा। परिवार की मुखिया के तौर पर मां का नाम राशन कार्ड पर पहले दर्ज होगा। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा कानून के तहत अगर किसी परिवार को कोई धनराशि दी जाएगी तो वह भी महिला के नाम से ही भेजी जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के प्रयास से केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून में महिलाओं से जुड़े सभी पहलुओं को खास तवज्जो दी है। एक अन्य अहम फैसले के तहत बच्चे को जन्म देने वाली मां को जन्म देने से लेकर छह माह की अवधि तक एक हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। कानून का अंतिम ड्राफ्ट मंत्रालयों की राय आने के बाद कैबिनेट में लाया जाएगा। थॉमस ने कहा कि सरकार इस विधेयक को शीतकालीन सत्र में लाना चाहती है, इसी दिशा में काम हो रहा है।

सोनिया के दखल से माने मंत्रालय

थामस ने बताया कि दूध पिलाने वाली मां को खाद्य सुरक्षा के दायरे में लाने पर कुछ मंत्रालयों और राज्यों ने सवाल उठाए थे। पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दखल से यह मामला सुलझ गया है। दरअसल एक नवजात के लिए आहार उसकी मां के दूध से ही मिलता है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा के दायरे में दूध पिलाने वाली मां को लाना तार्किक है। कांग्रेस सूत्र मान रहे हैं कि अगर सरकार विधेयक शीतकालीन सत्र में लाती है तो इसका फायदा उसे पांच राज्यों के आसन्न विधानसभा चुनाव में भी मिल सकता है।

सूचना अधिकार की चुनौतियां

हरबंश दीक्षित

बीच बहस में

सूचना अधिकार के दुरुपयोग पर एक बार फिर बहस शुरू हो गई है। इस बार बहस की शुरुआत प्रधानमंत्री ने की है। इससे पहले सीबीआई तथा न्यायपालिका सहित कुछ लोकायुक्तों की तरफ से भी समय-समय पर ऐसे सुझाव आते रहे हैं। बीते अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यदि इस कानून के दुरुपयोग को नहीं रोका गया, तो इससे कई समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। अदालत ने यह भी कहा कि कोई राष्ट्र यह नहीं चाहेगा कि सरकारी विभागों के 75 फीसदी कर्मचारी अपने कामकाज के 75 फीसदी समय में केवल सूचनाएं देने में उलझे रहें, इससे काम बाधित होगा।

प्रधानमंत्री और शीर्ष अदालत की चिंता से सहमत होने वालों की अच्छी-खासी संख्या है। सरकारी दफ्तरों में तो ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है, जो इससे त्रस्त हैं। दूसरे कानूनों की तरह इस कानून के भी दुरुपयोग के मामले आ रहे हैं। कुछ जगहों पर इसे भयादोहन का हथियार बनाने की खबरें भी आई हैं। यदि सब कुछ इसी तरह चलता रहा, तो कुछ वर्षों में दफ्तरों में रोजमर्रा के मामलों के निस्तारण में देरी आएगी, जिस कारण यह कानून अप्रासंगिक हो जाएगा।

सूचना अधिकार कानून ने काफी कम समय में लोगों का इतना विश्वास हासिल किया है, जिसे कायम रखने की अपनी चुनौतियां हैं। यह अभी शुरुआती विकास के दौर में है, जिसे और मजबूत बनाए जाने की जरूरत है। इस कानून में सभी विभागों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने विभाग से संबंधित तमाम जानकारियां इंटरनेट तथा अन्य माध्यमों से प्रकाशित करेंगे। इसे 12 अक्तूबर, 2005 तक ही पूरा किया जाना था, जो अब तक आंशिक रूप से ही पूरा हो पाया है। इसके लिए जवाबदेही भी सुनिश्चित नहीं की गई है और जवाबदेह अधिकारी को दंडित किए जाने का प्रावधान भी नहीं है। यदि वांछित सूचनाएं हर विभाग द्वारा उपलब्ध करा दी जाए, तो बहुत-सी आपत्तियों का स्वतः निवारण हो जाएगा।

मोटे अनुमान के मुताबिक, देश भर के सूचना आयुक्तों के यहां तीन लाख से ज्यादा मामले लंबित हैं। इसका सबसे बड़ा कारण जरूरत के अनुसार सूचना आयुक्तों का अभाव है। सूचना अधिकार कानून में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य में एक मुख्य सूचना आयुक्त तथा अधिकतम दस सूचना आयुक्त होंगे। सूचना आयुक्तों की यह अधिकतम संख्या उत्तराखंड तथा छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्यों के लिए उपयुक्त हो सकती है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों के लिए नाकाफी है। कानून में संशोधन कर हर जिले के लिए कम से कम एक सूचना आयुक्त की नियुक्ति जरूरी है।

विलंब का एक कारण यह भी है कि सूचना आयुक्तों के यहां विवाद निस्तारण की अधिकतम अवधि निर्धारित नहीं है, जबकि लोक सूचना अधिकारी के लिए तीस दिन तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी के लिए पैंतालिस दिन का समय निर्धारित है। इसी का परिणाम है कि लोक सूचना अधिकारियों के समक्ष लंबित मामलों की संख्या नगण्य है, जबकि सूचना आयुक्तों के यहां लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है।

बेशक इस कानून में भी खामियां हो सकती हैं, लेकिन इसने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में नई इबारतें लिखी हैं। यही वजह है कि यह कानून जनप्रतिनिधियों और नौकरशाहों की आंखों की किरकिरी बना हुआ है। न्यायपालिका ने भी शुरू में खुद को इस कानून से अलग रखने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संपत्ति का ब्योरा हासिल करने के लिए सूचना अधिकार के कार्यकर्ता सुभाष अग्रवाल को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। अंततः न्यायाधीशों की परिसंपत्तियों की सूचना देने का फैसला आया, तो उससे पारदर्शिता के इस आंदोलन को एक नई दिशा मिली। इससे यह बात भी साफ हो गई कि गोपनीयता का सुरक्षा कवच सबको समान रूप से सम्मोहित करता है।

दरअसल जनाधिकारों को सर्वसुलभ बनाने की पहल दोधारी तलवार की तरह होती है, जिससे एक ओर जनाधिकारों को नई परिभाषा मिलती है, दूसरी ओर उसके दुरुपयोग की आशंकाएं भी रहती हैं। कई बार दुरुपयोग की सूचनाओं को अतिरंजित करके भी पेश किया जाता है। प्रभावशाली वर्ग इसे मौके के रूप में इस्तेमाल करके उसे कमजोर करने की कोशिश भी करता है। इसलिए एकतरफा बातों पर पूरी तरह भरोसा करना उचित नहीं है।

संभव है राष्ट्रीय स्तर पर शिकायत निवारण व्यवस्था

भारत डोगरा

लेखक स्तंभकार हैं।

सूचना के अधिकार के राष्ट्रीय अभियान ने शिकायत निवारण कानून का एक ड्राफ्ट तैयार किया है, जो काफी सराहा भी गया है। इस ड्राफ्ट को तैयार करने में सूचना के अधिकार के कानून के अनुभव से भी काफी सहायता मिल सकी है।

हाल के समय में सिटिजंस चार्टर व शिकायत निवारण व्यवस्था का मुद्दा काफी चर्चा में रहा है और कई राज्य सरकारों जैसे मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली आदि ने इस संदर्भ में कुछ सराहनीय कदम भी उठाए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर शिकायत निवारण का कानून बनाने की दिशा में केंद्रीय सरकार सक्रिय हुई है।

जाहिर है, जनता की यह आवाज सरकार तक भी पहुंचने लगी है कि आम लोग अपनी शिकायतों की सुनवाई सरकारी तंत्र में न होने पर कितने परेशान होते हैं। अतः अब सरकार भी इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण पहल का मन बना चुकी है।

पर यह सवाल अभी हमारे सामने है कि इसके लिए बनाया जाने वाला कानून कितना मजबूत व व्यावहारिक स्तर पर कितना असरदार होगा। वह महज एक नया प्रशासनिक ढांचा खड़ा कर देगा या आम लोगों को सही अर्थों में सशक्त करेगा। इस दिशा में हो रहे अधिकांश प्रयासों में इतना तो सामान्य तौर पर माना जा रहा है कि विभिन्न सार्वजनिक प्राधिकरणों की नागरिकों के प्रति जिम्मेदारियों को समयबद्ध ढंग से परिभाषित किया जाए कि कौन-सा कार्य इनको कितने समय पर पूरा करना है। इसके साथ ही यह व्यवस्था हो कि यदि यह समयबद्ध जिम्मेदारी पूरी नहीं की जाती है तो इसके लिए समयबद्ध शिकायत निवारण प्रणाली विकसित की जाए।

इन मूल मान्यताओं के आगे कई सवाल हैं कि शिकायत निवारण व्यवस्था कितनी निष्पक्ष व न्यायसंगत बन सकेगी व आम लोगों को शीघ्र न्याय प्राप्त करने की कितनी संभावना होगी। विशेषकर दूर-दूर के गांवों में व निर्धन, कम शिक्षित परिवारों के संदर्भ में महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या उन तक भी इस शिकायत निवारण व्यवस्था का लाभ पहुंच पाएगा, जबकि शिकायत निवारण की सबसे बड़ी जरूरत तो उनको ही है।

इस संदर्भ में सूचना के अधिकार के राष्ट्रीय अभियान ने शिकायत निवारण कानून का एक ड्राफ्ट तैयार किया है, जो काफी सराहा भी गया है। इस ड्राफ्ट को तैयार करने में सूचना के अधिकार के कानून के अनुभव से भी काफी सहायता मिल सकी है। जिस तरह सूचना के अधिकार के कानून में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सूचना आयोगों की स्थापना की व्यवस्था है वैसे इस ड्राफ्ट में शिकायत निवारण आयोगों की राज्य व केंद्र स्तर पर स्थापना की व्यवस्था है। शिकायत कानून के इस ड्राफ्ट में बताया गया है के देश के सभी ब्लाकों या प्रखंडों में शिकायत निवारण सहायता केंद्र स्थापित होने चाहिए, जो शिकायत निवारण के कार्य में आम लोगों विशेषकर कम शिक्षित व निर्धन परिवारों को सहयोग देंगे। सभी सार्वजनिक प्राधिकरणों में किसी अधिकारी को शिकायत निवारण अधिकारी के रूप में चयनित किया जाएगा। इस शिकायत निवारण अधिकारी को नागरिक व संगठन सीधे अपनी शिकायत भेज सकते हैं या उनकी शिकायत ब्लाक स्तर के शिकायत निवारण कार्यालय द्वारा भेजी जा सकती है।

उम्मीद है कि शिकायत निवारण अधिकारी समयबद्ध सीमा में शिकायत का संतोषजनक समाधान करेगा व जरूरत होने पर अधिकारी के लिए अनुकूल सजा की व्यवस्था भी करेगा, पर यदि उसके समय में कार्रवाई न की या उसके आदेश कार्यान्वित न हो तो इसकी अपील शिकायत निवारण आयोगों की जिला स्तर के शिकायत निवारण कार्यालय में की जा सकेगी। इस स्तर पर उम्मीद है कि शिकायत निवारण हो जाएगा। अधिकारी के दोषी पाए जाने पर सजा की व्यवस्था होगी। यदि भ्रष्टाचार का मामला बनता है तो इसकी अलग से जांच के लिए भेजा जाएगा। यदि यह आवश्यक समझा जाता है तो शिकायतकर्ता के लिए मुआवजे की व्यवस्था भी की जाएगी। जिला स्तर पर न्याय न मिलने पर राज्य व केंद्र स्तर के शिकायत निवारण आयोगों में अपील करने का प्रावधान भी इस ड्राफ्ट बिल में है।

इस ड्राफ्ट बिल की जानकारी अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए व विभिन्न संगठनों व नागरिकों के विचार इस बारे में प्राप्त करने के लिए सम्मेलन, कार्यशाला आदि का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न व्यवहारिक संदर्भों में यह कानून कैसे काम कर सकता है, इसकी बेहतर समझ बनाने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आवास, मनरेगा, बिजली, पानी, सामाजिक सुरक्षा, पंचायत राज, पर्यावरण व वन आदि के संदर्भ में शिकायत निवारण प्रणाली कैसे कार्य करेगी, इस बारे में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

■ जगन्नानंद
राज्य सूचना आयुक्त, उड़ीसा

अभी तो पूरे प्रावधान ही लागू नहीं हुए

सारे लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, उसे लागू करने से थोड़े पहले से आम लोगों के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराना चाहिए, इससे आम लोगों की प्रस्तावित नियमों पर क्या प्रतिक्रिया होती है, इसका फीडबैक मिल जाएगा और इस फीडबैक के आधार पर कानून या नियम में तर्कसंगत बदलाव करना संभव होगा। यह भी अभी तक नहीं हो पाया। अगर ऐसा हो जाता है तो लोग और प्रशासन के बीच आपसी रिश्ता ज्यादा सहज हो पाता।

आरटीआई के बारे में ही लोगों को बहुत कम जानकारी है। शहर में कुछेक जानते भी हैं तो गांव के गांव अनजान हैं। इसके लिए पंचायत स्तर पर एक सूचना सहायता केंद्र खोलना जरूरी है। संसद से लेकर पंचायतों के कामकाज का कम्प्यूटरीकरण बाकी है। सरकारी या सरकारी मदद से चलने वाली संस्थाओं को अपने नियमों की जानकारी 120 दिनों के भीतर ऑनलाइन करने का काम नहीं हुआ है। सूचना छिपाने की गुंजाइश खोजने वाले अफसरों को प्रशिक्षित किया जाना है। फिर केंद्र-राज्य सूचना आयुक्तों की वार्षिक सिफारिश रिपोर्टों पर भी एक्शन लिया जाना है

सूचना अधिकार कानून को दो अहम उद्देश्य से लागू किया गया था। पहला यह कि इससे व्यवस्था में शुचिता और जवाबदेही लाई जा सकेगी जिससे पारदर्शिता बढ़े और भ्रष्टाचार कम हो जाए। दूसरा मकसद यह था कि जितनी सरकारी संस्थाएं हैं या फिर वैसी संस्थाएं हैं, जो सरकार से मदद लेती हैं और संविधान द्वारा सत्यापित की गई हैं, उन्हें अपनी-अपनी कार्यप्रणाली और कार्यक्रम और सम्बन्धित नियमों को 120 दिनों के अंदर वेबसाइट पर डालना था। इसके अलावा कोई भी नागरिक अगर कोई सूचना चाहे तो उसे 30 दिनों के अंदर मुहैया कराना था। छह साल बाद भी इस दूसरे पहलू पर काफी काम बाकी है।

अगर सरकारी विभाग और संस्थाएं इस काम को सही ढंग से पूरा कर लेती तो कई मामलों में सूचना मांगे जाने की जरूरत ही नहीं होती। इस कानून के तहत पंचायत से लेकर संसद तक की कार्यप्रणाली और कामकाज को कम्प्यूटराइजेशन करने की बात शामिल थी। छोटे से लेकर बड़े काम तक ऑनलाइन दस्तावेज बन जाता है, जिसे कोई भी इंटरनेट के जरिए देख सकता था लेकिन यह काम अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि समाज में आरटीआई एक्ट को लेकर एक माहौल जरूर बना है। सरकारी कामकाज पर गलती होने पर सवाल उठ रहे हैं। लोग बाग आरटीआई के जरिए सरकारी कामकाज के बारे में तरह-तरह के सवाल भी पूछ रहे हैं लेकिन यह शहरी इलाकों में कहीं ज्यादा हो रहा है। देश की ग्रामीण आबादी अब भी इस कानून का पूरा लाभ नहीं उठा रही है। गांवों में चले जाइए या फिर आदिवासी बहुल इलाकों में जाकर देखिए तो पता चलेगा वहां के लोगों को इस कानून के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। जिन लोगों के पास थोड़ी-बहुत जानकारी है, उनमें भी यह समझ नहीं है कि इस कानून का इस्तेमाल कैसे करें? कहां से जानकारी मांगें? कहां फीस जमा करनी है और वह जानकारी कैसे हासिल होगी?

इसकी वजह यही है कि सरकार को इस कानून का जितना प्रचार-प्रसार करना चाहिए था, वह नहीं हो पाया है। हालांकि कुछ राज्यों में इसको लेकर सराहनीय काम जरूर हुए हैं। मसलन, बिहार सरकार ने अपने जानकारी सेंटर की व्यवस्था की है, जहां एक टेलीफोन कॉल पर ही आपका आरटीआई रजिस्टर हो जाता है। यह एक अच्छी व्यवस्था है। मेरे राज्य उड़ीसा में कई सामाजिक संस्थाएं आरटीआई क्लीनिक चलाती हैं, जहां वे आदिवासी और गरीब लोगों तक इस कानून के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देते हैं। एक सिटीजन असिस्टेंस सेंटर का हर पंचायत में होना जरूरी है तभी पूरे लोग इस कानून का लाभ ले पाएंगे। एक बड़ी मुश्किल अब भी बनी हुई है- - वह है सरकारी विभागों में काम करने वाले लोगों की मानसिकता है। जो सरकारी गोपनीयता अधिनियम का हवाला देकर जानकारी को छुपाने की मानसिकता से अभी तक उबर नहीं पा रहे हैं। इसलिए कभी-कभी आरटीआई आवेदन पत्र पर सरकारी विभाग की पहली प्रतिक्रिया यही होती है कि किस चीज को आधार बनाकर जानकारी देने से मना कर दिया जाए। सूचना अधिकारियों की नियुक्ति को सही ढंग से प्रशिक्षण देने की जरूरत है। इस कानून में एक और बात शामिल थी। धारा 4 (1) के तहत एक महत्वपूर्ण पहलू भी शामिल था, जिसके तहत कहा गया था कि कोई भी नीति या नियम जो एक साथ बहुत ज्यादा सहज हो पाता।

इसके अलावा प्रत्येक सरकारी विभाग के लिए इस कानून की धारा 4 (1) के तहत यह भी प्रावधान है कि वह कामकाज प्रणाली के बारे में वह आमलोगों को सूचना पट्ट के जरिए सूचित करें। मान लीजिए किसी को नगर निगम से अपने मकान का नक्शा पास कराना है तो नगर निगम में इस बात की सूचना पहले से उपलब्ध होनी चाहिए कि आपको मकान का नक्शा कितने दिन के अंदर मंजूर होगा। तभी लोगों को किसी काम को लेकर दफ्तरों के लगातार चक्कर काटने और रिश्वत देने का सिलसिला बंद होगा। यह काम अभी भी सरकारी दफ्तरों में नहीं हुआ है।

इस कानून के सुचारु तरीके से लागू कराने के लिए देश भर में कमीशन बने हुए हैं। केंद्र में केंद्रीय सूचना आयुक्त हैं तो राज्यों में भी सूचना आयुक्त हैं। इनके जिम्मे मुख्यतः दो काम हैं-एक तो मामलों को जल्दी से निपटाने की व्यवस्था करनी है और आरटीआई एक्ट के ऊपर भी निगरानी रखनी है। दूसरी जिम्मेदारी यह है कि आरटीआई एक्ट कैसे चल रहा है, इस पर सरकारों को अपनी रिपोर्ट देनी होती है। केंद्रीय सूचना आयुक्त हर साल संसद को अपनी रिपोर्ट देते हैं जबकि राज्य सूचना आयुक्त हर साल विधानसभा को अपनी रिपोर्ट सौंपते हैं। इन रिपोर्टों में सुझाव होते हैं, जिनके जरिए इस कानून को बेहतर बनाया जा सकता है। दुखद है कि अब तक इन रिपोर्टों पर ध्यान ही नहीं दिया है जबकि जरूरत इस बात की है कि इन रिपोर्टों के आधार पर एक एक्शन टेकन रिपोर्ट हर साल पेश किया जाना चाहिए। बहरहाल, यह एक ऐतिहासिक कानून है और इस पर निगरानी के लिए एक सक्रिय नागरिक समाज की जरूरत है।

देखी सुनी अंकः 25 (राष्ट्रीय सहारा, अमर उजाला, दैनिक भास्कर व जनसत्ता) से लिये गये लेख,

बजट में भी हाशिये पर स्त्री

डॉ. रंजना कुमारी

महिला अधिकारिता संगठन से संबद्ध

- स्टेइंग अलाइव रिपोर्ट को जारी करते वक्त महिला बाल कल्याण मंत्री कृष्णा तीरथ ने कहा कि उनका मंत्रालय चालू वित्तीय वर्ष में देश के सर्वाधिक अपराधग्रस्त 100 जिलों में 100 करोड़ रुपये की मदद से सीएसएस लागू करेगा
- सवाल है कि क्या सरकार मामूली अपराध क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा के लिए जवाबदेह नहीं है?

सार्वजनिक

दायरे में बढ़ी हिंसा निजी घेरे में हो रही हिंसा से कम है। तथाकथित पूरी तरह संरक्षित कही जाने वाली 'परिवार' नामक संस्था में भारतीय स्त्री की अरक्षा ने अति खतरनाक आयाम लिये हैं। आंकड़े (एनएफएचएस-3) बताते हैं कि पांच में से दो विवाहिताएं घरेलू हिंसा की शिकार होती ही हैं। यह तब है जबकि घरेलू हिंसा से स्त्री की सुरक्षा कानून (पीडब्ल्यूडीवीए) के लागू होने का यह सातवां साल है। लागू कानून यह संदेश देता है कि घर परिवार में होने वाले मामूली झगड़े पहले से बढ़े हैं और इसने स्त्री विरुद्ध हिंसा का भयावह रूप ले लिया है। यह कानून प्रतिरक्षा अधिकारी (पीओ), सेवाएं देने वाले; जैसे, आश्रय गृह और चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने वाले और पीड़ित महिला तक कानून की पहुंच वाली दुनिया का उल्लेख करता है। हालांकि पीडब्ल्यूडीवीए भी, स्त्री अधिकार संरक्षा के अन्य नियमनों की तरह, पर्याप्त बजटीय प्रावधान के अभाव में संतुलन खो रहा है। जरूरतों के मुताबिक धन का इंतजाम न किए जाने से पीडब्ल्यूडीवीए के क्रियान्वयन पर बुरा असर पड़ा है। इस तरह कि आज भी बेशुमार महिलाएं अपने हित में बने इस कानून से अनजान हैं। जिन संरक्षण अधिकारी (जैसे बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी इत्यादि) को हिंसा की शिकार स्त्री तक सबसे पहले पहुंचने की बात की गई है, वे पहले से ही तय कामों के बोझ तले लदे मिलते हैं। नतीजा होता है कि बुरी तरह बिगड़ी परिस्थितियों से निबटने के लिए कभी-कभी किसी नौसिखुए को मौके पर भेज दिया जाता है। इनके अलावा, सेवा प्रदान करने वालों को भी इतनी समुचित राशि नहीं मिलती कि वह अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों को ठीक से निबाह सकें। हिंसा की सही वजहों की स्पष्ट समझदारी के अभाव में पीओ, एसपी, पुलिस, वकील और न्यायाधीश बहुधा परिणामों और समझौते कराने जैसे फैसले लेते हैं या पीड़िता पर 'बुरी औरत' होने और 'घर तोड़ने वाली' जैसे आरोप नत्थी कर देते हैं।

अतः स्त्री सशक्तीकरण ऐसे मिजाज में सही तरीके के सुधार लाने में अहम किरदार निभाता है। सरकार के भीतर भी ऐसी कोई प्रणाली नहीं विकसित की गई है, जहां पीडब्ल्यूडीवीए मामलों की रपट कर सके और निगरानी के ब्योरे दे सके। यह पीडब्ल्यूडीवीए के क्रियान्वयन के हरेक स्तर; जैसे, महिलाओं में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने, क्षमता अभिवर्द्धन, नोटिस की सेवा, आदेश के लागू होने या उसका उल्लंघन किए जाने के परिणाम आदि पर विपरीत असर डालता है। सबसे बढ़कर तो हिंसा की शिकार औरत को सामान्य करने के लिए परामर्श देने, आश्रय, स्वास्थ्य सेवाएं और वित्तीय सहायता की जरूरत पड़ती है।

हालांकि अभी कुछेक ही राज्यों ने पीडब्ल्यूडीवीए को लागू करने की दिशा में कदम उठाए हैं लेकिन इन प्रदेशों को कभी भी ये योजनाएं फालतू लगीं तो वे उन्हें जारी करने से हाथ खींच सकते हैं। अपराध की ऊंची दर (खासकर घरेलू हिंसा मामले में) वाले किंतु आर्थिक रूप से पिछड़े अनेक राज्यों ने इस दलील से पीडब्ल्यूडीवीए के लिए अलग से धन का आवंटन नहीं किया है कि वे इसे मौजूदा महिला कल्याण योजना के अंतर्गत ही पीडब्ल्यूडीवीए के प्रावधानों को क्रियान्वित कर लेने में सक्षम हैं। चूंकि महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) ने अधिनियम के तहत बजट आवंटन के कोई मानक उन्हें नहीं थमाए हैं, ऐसे में उसकी पहुंच के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

जेंडर बजट

महिलाओं के लिए आवंटन

(राशि 1000 करोड़ रुपये में)

	100%	30%	कुल
2007-08	8.4	14	22.3
2008-09	14.9	34.7	49.6
2009-10	15.5	40.8	56.3
2010-11	18.5	48.6	67.1
2011-12	20.5	56.4	76.9
2012-13	23	65.2	88

दरअसल, पीडब्ल्यूडीवीए के क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त कोष आवंटन में सरकार की विफलता घरेलू हिंसा रोकने, स्त्रियों की सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता, जिसका भारतीय संविधान में समर्थन किया गया है, पर सवाल खड़े करती है

यद्यपि महिलाएं सरकार के सालाना वित्तीय आंकड़ों को खंगालना शुरू कर दिया है; उनमें स्त्री के सभी मामलों को कोई प्राथमिकता नहीं दी गई है। इसका स्पष्ट मतलब है कि महिलाओं से जुड़ी परियोजनाओं को मामूली राशि दी गई है, जैसा कि पीडब्ल्यूडीवीए के क्रियान्वयन मद में किया गया है। वर्तमान में चल रही अधिकतर परियोजनाओं के लिए बहुत कम धन आवंटित किया गया है जबकि ये 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए महिलाओं की एजेंसी और सशक्तीकरण पर संचालन समिति द्वारा प्रस्तावित हैं। 2012-13 के बजट अनुमानों के मुताबिक मंत्रालय का सकल बजट 18,500 करोड़ रुपये का है, जिसमें से महिलाओं के कल्याण मद में 858.68 करोड़ रुपये ही रखे गए हैं। हालांकि पीडब्ल्यूडीवीए का बजट अनुमान में उल्लेख किया गया है लेकिन इसके लिए राशि अति न्यून 20 करोड़ रखी गई है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और नागरिक समाज की एक समिति ने पीडब्ल्यूडीवीए पर प्रभावी अमल के लिए मार्च 2012 में केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) को अंतिम रूप दिया था, जिसके तहत इस मद में 1158 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट तय किया गया था। महिला एजेंसी और सशक्तीकरण के लिए काम करने वाले कार्यकारी समूह ने 12 पंचवर्षीय योजना की पूरी अवधि में शुरू होने वाली नये कार्यक्रमों के लिए महज 450 करोड़ रुपये के कोष का प्रस्ताव किया था। यह अनुमानित सालाना रकम 1158 करोड़ रुपये की तुलना में बहुत मामूली और अपर्याप्त ठहरती है। हालांकि इस बात पर चुप रहा गया है कि कब ये सीएसएस लागू की जाएगी और पीडब्ल्यूडीवीए के क्रियान्वयन पर कितना धन आवंटित किया जाएगा।

स्टेइंग अलाइव रिपोर्ट को 21 जनवरी, 2013 को जारी करते वक्त अपने उद्घाटन भाषण में महिला बाल कल्याण मंत्री कृष्णा तीरथ ने साझा किया कि उनका मंत्रालय चालू वित्तीय वर्ष में देश के सर्वाधिक अपराधग्रस्त 100 जिलों में 100 करोड़ रुपये की मदद से सीएसएस लागू करेगा। यहीं सवाल उठता है कि क्या सरकार मामूली अपराध क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा के लिए जवाबदेह नहीं है? इससे भी बढ़कर यह कि 100 करोड़ की राशि भी अनुमानित सालाना बजटीय जरूरत 1158 करोड़ से कम है। दरअसल, पीडब्ल्यूडीवीए के क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त कोष आवंटन में सरकार की विफलता घरेलू हिंसा रोकने, स्त्रियों की सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता, जिसका भारतीय संविधान में समर्थन किया गया है, पर सवाल खड़े करती है। इस चेतावनी को वित्त मंत्रालय की सहमति-पत्र से ही निबटा जा सकता है। हालांकि वित्त मंत्रालय का इस मसले पर स्त्री समूहों के साथ मुलाकात और बातचीत का द्वार बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लिहाजा, यहां हमें माननीय मंत्री गण से पूछना है कि 'आप लोग जब कानून पर अमल नहीं कर सकते तो उन्हें बनाते ही क्यों हो?'

राष्ट्रीय सहारा 23.2.2013

महिलाओं के लिए बैंक जैसे कदम महज 'प्रतीक' हैं : जेएस वर्मा

अलीगढ़ (एजेंसी)। पूर्व प्रधान न्यायाधीश जेएस वर्मा ने शनिवार को कहा कि महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों के बिना महिलाओं के लिए प्रस्तावित विशेष बैंक जैसे कदम देश में उनके प्रति न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में महज प्रतीक हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में तृतीय वार्षिक कैप्टन सिंह स्मृति व्याख्यान देते हुए वर्मा ने महिला बैंक की स्थापना के प्रस्ताव का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि 'जब तक सरकार और समाज दोनों स्तरों पर सोच में पूरी तरह बदलाव नहीं आएगा तब तक इस तरह के प्रतीकात्मक उपायों का कोई फायदा नहीं होगा।' पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने दिल्ली में 16 दिसम्बर को सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित कानूनों की समीक्षा करने वाली तीन सदस्यीय समिति का नेतृत्व किया था।

वर्मा ने कहा, 'किसी भी समाज में न्याय का कल पारदर्शिता है। सीधा सच यह है कि सभाल हमारे घरों में

महिलाओं के साथ वास्तविक न्याय को मजबूत करने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।' समिति ने महिलाओं के प्रति अपराधों को रोकने के लिए कड़े कानूनों की सिफारिश की थी, लेकिन पूर्व प्रधान न्यायाधीश का मत था कि 'जब तक समाज का अनुमोदन, समर्थन नहीं मिलता तब तक कानूनी प्रणाली में किसी भी बदलाव का कोई फायदा नहीं होगा।' वर्मा ने कहा कि 'यदि मौजूदा कानूनों और शासन संबंधी दिशा निर्देशों का पूरी तरह क्रियान्वयन हुआ होता तो राष्ट्रीय राजधानी में 16 दिसम्बर को भयावह बलात्कार की घटना नहीं हुई होती।' महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर कुछ तबकों में 'संवेदनशीलता की कमी' का हवाला देते हुए वर्मा ने दिल्ली बलात्कार की घटना के मद्देनजर 'कुछ तथाकथित गुरुओं' की टिप्पणियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाज के ऊपरी तबके की ओर से आई टिप्पणियां 'पक्षपातपूर्ण, पुरुष प्रधान सोच' के 'हास्यास्पद' उदाहरण हैं।

राष्ट्रीय सहारा 3.3.2013

बजट तक पहुंची 'निर्भया' की गूंज

अंजलि सिन्हा

निर्भया, जिसने दिल्ली ही नहीं, देश के तमाम हिस्सों में तरुणाई को आन्दोलित किया, जो महिलाओं की बढ़ती असुरक्षा एवं उनके खिलाफ बढ़ती यौन हिंसा का प्रतीक बन कर देश में उभरी, उसने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उसकी कुर्बानी को एक दिन सरकार को भी स्वीकार करना पड़ेगा। अपना आठवां बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री पी चिदम्बरम द्वारा की गयी यह घोषणा कि यह सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष निर्भया फंड बनाने जा रही है और जिसके लिए एक हजार करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, से यही निष्कर्ष निकलता है। मालूम हो कि इस फंड के इंतजाम के लिए ढांचा बनाने, उसके दायरे को तय करने एवं उसे आवंटित करने की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सौंपी गयी है। प्रस्तुत मंत्रालय को अतिरिक्त 200 करोड़ की राशि भी दी जा रही है ताकि वह कठिन परिस्थितियों में रहनेवाली महिलाओं के मामलों में सहायता प्रदान कर सके।

स्त्रियों में आ रही जागृति, उनके बढ़ते दायरे को रेखांकित करता दूसरा कदम यह भी दिखाता है कि इस बार बजट में सार्वजनिक क्षेत्र में देश के पैमाने पर महिला बैंक बनाने का प्रस्ताव रखा गया है और उसके लिए भी एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है। अक्तूबर तक इस बैंक के स्थापित किए जाने की योजना है, जो मुख्यतः महिलाओं एवं महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों, महिला स्वयं सहायता समूहों और महिलाओं के जीवनयापन में सहायक होगा। इसमें मुख्यतः महिलाएं ही काम करेंगी ताकि उनके जेंडर व आर्थिक सशक्तिकरण के मुद्दों का ठीक से समाधान हो सके।

स्त्रियों की सुरक्षा की गारंटी के लिए इस तरह के फंड का गठन किस हद तक कारगर होगा या आर्थिक सशक्तिकरण के सन्दर्भ में महिलाओं का बैंक उनकी कितनी सहायता करेगा, इन मुद्दों की विवेचना करने से पहले इस बात को समझना जरूरी है कि इस बजट पर हाशिये से केन्द्र में पहुंचने के लिए तत्पर स्त्री समुदाय की दस्तक जरूर सुनाई देती है। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि हम दुनिया का एकमात्र देश होंगे जहां आवश्यक सामाजिक सेवाओं के सार्वजनिक वितरण को 'योजनाओं' के सन्दर्भ में देखा जाता है, जिन्हें कृतज्ञ जनता के लिए सरकारें 'लोकरंजक खर्चों' के नाम पर पेश करती हैं। अन्यथा तमाम देशों में यह सरकारों का ही काम होता है कि वह जनता के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सैनिटेशन और रोजगार व जीवनयापन जैसी स्थितियों को सुगम बनाएं। जैसा कि पिछले साल के बजट विश्लेषण में प्रोफेसर जयति घोष ने कहा था कि हम इन्हें 'योजनाओं' के तौर पर देखने के आदी हो गए हैं, इसलिए थोड़ी बहुत बढ़ोत्तरी होने मात्र से हम खुश हो जाते हैं, इसी बात पर कृतज्ञ रहते हैं कि कम से कम सरकार ने खर्चा बढ़ाया तो नहीं है।'

इस रोशनी में अगर हम वित्तमंत्री पी चिदम्बरम द्वारा प्रस्तुत आठवें बजट को देखें, जिसे मीडिया के एक हिस्से द्वारा समावेशी बजट की संज्ञा दी जा रही है, तो कुछ बातें समझ में आती हैं। जैसे इसे कहीं न कहीं अगले साल होने वाले आम चुनावों के मद्देनजर बनाया गया है, जिसमें हर सेक्टर को कुछ न कुछ रियायत देने की बात की गयी है और महिलाओं का खास ध्यान रखने की भी कोशिश की गई है। अगर समावेशी बढ़ोत्तरी के लिए कई योजनाओं का ऐलान

किया गया है, जिसमें फोकस महिलाओं समेत सामाजिक क्षेत्र एवं ग्रामीण भारत दिखता है तो वहीं कारपोरेट क्षेत्र को भी खुश रखने की कवायद की गयी है। लेकिन बड़ा प्रश्न यह उठता है कि मसलों की व्यापकता को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में आवंटित रकम काफी है या नहीं।

जैसे स्वास्थ्य को ही देखें जिसका सम्बन्ध समूची आबादी से है, का खर्चा पिछले साल 30,702 करोड़ रुपए था और इस साल 37,330 करोड़ हो गया है। अगर भारत के सकल घरेलू उत्पाद को देखें तो इसका यह 0.35 फीसद ही बैठता है। मालूम हो कि सबसहारन अफ्रीका के तमाम गरीब देशों में भी यह प्रतिशत हमसे कई गुना ज्यादा है। जब लगता है कि मानवीय विकास सूचकांक एवं जीवन की परिस्थितियों के मामले में हम अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कितने पिछड़े हैं। महिला और बाल स्वास्थ्य की बात करें तो हमारे देश में मातृ शिशु मृत्यु दर का चिन्ताजनक होना दशकों से एक बड़ा सवाल बना हुआ है।

बजट में महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय द्वारा संचालित आईसीडीएस (समेकित बाल विकास सेवा) योजना के लिए 17,7,00 करोड़ रुपयों का आवंटन किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में 11.7 फीसद ज्यादा है। मगर क्या इस बढ़ोत्तरी से हम खुश हो सकते हैं। निश्चित ही नहीं। इसकी कई वजहें हैं। अभावग्रस्त बच्चों की शुरुआती देखभाल एवं शिक्षा के लिए चलायी जा रही प्रस्तुत योजना के लिए किए गए इस बार के आवंटन को देखें तो यह उम्मीद से कम है। पिछले साल भी इस राशि में बढ़ोत्तरी की गयी थी लेकिन तब भी सवाल उठा था कि एक तो इसका अधिकतर हिस्सा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायकों के मानदेय में खर्च हो जाता है, दूसरा सुप्रीम कोर्ट द्वारा बार-बार की गयी आलोचना के बावजूद अब भी हम इस योजना को सार्विक या युनिवर्सल नहीं बना सके हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अब भी कानूनी तौर पर तय न्यूनतम राशि नहीं दी जा रही है। स्पष्ट है कि यदि सरकार अभावग्रस्त बच्चों के कल्याण के लिए गंभीर है तो उसे इस राशि को अधिक बढ़ाना चाहिए था। इसका सीधा सम्बन्ध महिलाओं की अर्जन क्षमता बढ़ाने से भी है क्योंकि बच्चों के पालन-पोषण की अत्यधिक जिम्मेदारी के कारण उन्हें सार्वजनिक दायरे की नौकरियों से अक्सर हाथ धोना पड़ता है।

अन्त में, महिला सशक्तिकरण व कल्याण के लिए किये गये प्रावधानों का स्वागत होना चाहिए लेकिन यह सावधानी बरतनी जरूरी है कि नयी योजनाएं शुरू करने के क्रम में पुरानी चल रही योजनाओं को चुपचाप बन्द न कर दिया जाए। याद रहे कि 12 वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत बनी 'स्टीयरिंग कमेटी ऑन वुमेन्स एजेंसी एंड एम्पॉवरमेंट' के सुझावों के विपरीत महिलाओं के लिए पहले से चली आ रही योजनाओं के लिए भी आवंटन कम था। 11वीं योजना में महिला सशक्तिकरण के मुख्य माध्यम के तौर पर प्रस्तुत की गयी 'स्वयंसिद्धा' योजना के लिए तो कोई फंड आवंटित ही नहीं किए गए, जबकि स्टीयरिंग कमेटी ने प्रस्ताव रखा था कि इस योजना को देश के हर ब्लॉक स्तर तक फैलाया जाए और 12 वीं योजना में उसके लिए कम से कम 1700 करोड़ रुपए का आवंटन हो। कहने का आशय सिर्फ इतना है कि लोक-लुभावन और समावेशी योजनाओं की सार्थकता तभी है जब व्यावहारिक तौर पर उनका क्रियान्वयन ठीक तरीके से हो। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाये गये प्रयासों के प्रति सरकार गंभीर होगी, तभी बात बनेगी।

राष्ट्रीय सहारा 23.2.2013

आर्थिक आजादी की दिशा में बढ़ें कदम

मनीषा सिंह

आज की तारीख में दुनिया में सिर्फ सऊदी अरब ऐसा मुल्क है जहां पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित एक बैंक (ऑल वूमेन) काम कर रहा है। इधर जब वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने बजट पेश करने के दौरान देश में नवम्बर तक इसी तरह का पहला ऑल वूमेन बैंक खोलने और इसके लिए आरंभ में एक हजार करोड़ रुपयों की व्यवस्था सरकार की ओर से करने की घोषणा की, तो एक उम्मीद बंधी कि आखिरकार सरकार का ध्यान महिलाओं से जुड़े उस पहलू की तरफ गया है जिसकी वजह से उनकी स्थिति सदियों से देश के पितृसत्तात्मक समाज में दीन-हीन याचक जैसी बनी हुई है। लेकिन सौ टके का सवाल जहां का तहां है कि क्या इसे वाकई एक गंभीर प्रयास माना जाए और क्या इससे वास्तव में महिलाओं की आर्थिक हैसियत में कोई बदलाव आएगा? साथ ही यह भी कि पूरी तरह महिला हितों का चिंता करने वाले इस बैंक का स्वरूप कैसा होगा?

इन सवालों के उत्तर तो आने वाले समय में मिल ही जाएंगे लेकिन इस पहल के परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रश्न एक बार फिर जेहन में घूम रहा है। इस तथ्य से हर कोई भलीभांति परिचित है कि आर्थिक आजादी का अर्थ है- अन्य सभी तरह की आजादियों को हासिल करना। यूं तो यह तथ्य या परिभाषा स्त्री और पुरुष, दोनों पर समान रूप से लागू होती है, पर तमाम अर्थों में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता का प्रश्न कहीं ज्यादा मायने रखता है और उस पर जब-तब जरूरी बहस भी होती रहती है। देश में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए काम करने वाली संस्था- सेल्फ एम्प्लायड वूमेंस एसोसिएशन (सेवा) की संस्थापक और मैगसेसे अवार्ड विजेता इला बेन भट्ट ने पिछले दिनों एक मौके पर कहा था कि बैंक की पासबुक के बिना स्त्री की आजादी मुमकिन नहीं है। उनका यह कथन भी गौरतलब है कि हमारे देश में कुछ महिलाओं को जब से पासबुक की ताकत हासिल हुई है, उन्होंने दिखा दिया है कि बचत, ईमानदारी और आर्थिक प्रबंधन में उनका कोई सानी नहीं है। उल्लेखनीय है कि हमारे देश में सेवा बैंक के माध्यम से लाखों महिलाओं ने महज पांच या दस रुपये रोज बचाकर वह आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है, जो उन्हें अनुनय-विनय या याचना से कदापि नहीं मिल सकती थी। इस प्रसंग में एक और तथ्य का उल्लेख जरूरी है कि जहां देश में अनेक लोग हेराफेरी कर कर्ज के रूप में ली गई बैंक की रकम डकार जाते हैं, वहीं बैंक से कर्ज लेने वाली निर्धन तबके की 95 फीसद तक महिलाएं ईमानदारी से कर्ज चुकाती आई हैं।

महिला बैंक के सवाल के मद्देनजर भारतीय परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की आर्थिक आजादी पर चिंतन करते वक्त कुछ वास्तविकताओं पर गौर करना जरूरी है। यह एक सच्चाई है कि हमारे पुरुष-प्रधान और पोंगापंथी समाज में कभी भी स्त्री की किसी भी प्रकार की स्वाधीनता के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा गया। आर्थिक मामलों से स्त्री को दूर रखने की एहतियात तो आज का तथाकथित आधुनिक पुरुष वर्ग तक बरतता दिखता है। ऐसे में, घरों में कैद रहने वाली या आसपास के घरों अथवा खेतों में काम करने वाली देश की 94 फीसद महिलाएं भला कैसे अपने जीवन में किसी सुधार की अपेक्षा कर सकती हैं।

विडम्बना यह है कि बीड़ी बनाने, रंगाई, सिलाई-कढ़ाई करने, टोकरी बुनने और गली-गली फेरी लगाकर सामान बेचने या खेतों में काम करने वाली कामगार महिलाओं की थोड़ी-बहुत आय पर भी ज्यादातर मामलों में उनके घर के पुरुषों का कब्जा रहता है। महिलाएं भी अपनी कमाई पति के हवाले कर इस भाव के साथ संतुष्ट और निश्चिंत रहती हैं कि आखिर तो उनका पैसा घर-गृहस्थी पर ही खर्च हो रहा है। यहां तक तो ठीक है कि स्त्री द्वारा कमाया गया पैसा घर चलाने और बच्चों के लालन-पालन पर खर्च हो जाए पर यह दृश्य देश के पहाड़ी अंचलों से लेकर सुदूर दक्षिण और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों तक बेहद आम है कि तमाम पुरुष घर की स्त्रियों की मेहनत मशक्कत से कमाई आय को शराब, जुए या नशे में उड़ा देते हैं।

ऐसी स्थिति में महिलाओं की आर्थिक आजादी का सवाल उठना लाजिमी है। यही नहीं, कई अन्य कारणों से भी यह सवाल जरूरी है। जैसे विज्ञान संबंधी तथ्य गौरतलब है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का जीवनकाल अधिक होता है। यानी कई मौकों पर पति की मृत्यु हो जाने पर महिलाओं को शेष जीवन बच्चों के ऊपर निर्भर रहते हुए बिताना पड़ता है। निर्धन समाज में तो हालात और भी भयावह हैं। वृंदावन के आश्रमों में रहने वाली हजारों विधवाओं की नारकीय स्थिति बताती है कि विधवा के रूप में महिलाओं को अत्यधिक तिरस्कृत जीवन इसी कारण जीना पड़ता है, क्योंकि उनके हाथ में थोड़ी भी जमापूंजी नहीं होती। यही नहीं, तलाक और अलगाव के मामलों में भी देखने में आया है कि गुजारा भत्ता न मिल पाने की दशा में महिलाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है। कामकाजी महिलाएं जानती हैं कि वेतन के रूप में मिलने वाली धनराशि उनके जीवन में कितनी आजादी, कितना सुकून और कितनी आत्मनिर्भरता लाती है। खास तौर से वे महिलाएं अपने जीवन और भविष्य को लेकर और ज्यादा निश्चिंतता महसूस करती हैं, जिनके बैंक खाते में ठीक-ठाक रकम जमा हो और जिसके मनचाहे उपयोग के लिए वे स्वतंत्र हों।

यह भी एक प्रमाणित तथ्य है कि महिलाएं अपने धन का बेहतर इस्तेमाल करती हैं। जो लोग मध्यवर्गी कामकाजी महिलाओं का यह कहकर उपहास करते हैं कि अपनी कमाई का ज्यादातर हिस्सा वे अपने कपड़ों और प्रसाधन पर खर्च कर देती हैं, वह भी उन्हें हल्के में ही आंकते हैं। उन्हें शायद यह नहीं मालूम कि देश की हजारों कामकाजी महिलाएं अपनी पूरी गृहस्थी का खर्च अकेले बूते पर चला रही हैं। हालांकि इस ट्रेंड में एक नुक्स यह है कि अपनी सारी कमाई घर-गृहस्थी के नाम खर्च कर देने की स्थिति में वे स्वयं क्वालिटी लाइफ नहीं जी पाती हैं और अपने बुढ़ापे के लिए भी पर्याप्त बचत नहीं कर पाती हैं। परिणामस्वरूप अक्सर बच्चों द्वारा उपेक्षित कर दिए जाने के चलते उनके लिए जीवन यापन मुश्किल हो जाता है। इसलिए अगर वे स्वास्थ्य या चिकित्सा बीमा जैसी योजनाओं में अपना कुछ धन लगाएं, तो निश्चय ही आने वाला दौर उनकी स्थिति में गुणात्मक सुधार लाने वाला हो सकता है। इन स्थितियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऑल वूमेन बैंक महिलाओं की आर्थिक ही नहीं, सामाजिक हैसियत सुधारने में भी काफी मददगार साबित हो सकता है। लेकिन इसकी सार्थकता तभी है जब यह व्यवहार में महिलाओं का हित चिंतन करे।

राष्ट्रीय सहारा 23.2.2013

एक जनवरी से शुरू होगी महिला हेल्पलाइन

इंदिरापुरम (एसएनबी)। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस एक जनवरी से महिला हेल्पलाइन नंबर-1090 जारी करेगी। महिला हेल्पलाइन सीधे लखनऊ हेड क्वार्टर से जुड़ी होगी, जिसमें पीड़ित महिला का नाम-पता गुप्त रखा जाएगा। पीड़िता की शिकायत 24 घंटे में दर्ज कर एक सप्ताह बाद जानकारी दी जाएगी कि उस पर क्या कार्रवाई हुई। एक माह बाद पीड़िता से पूछा जाएगा कि वह पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है या नहीं।

यह जानकारी एसएसपी प्रशांत कुमार ने मंगलवार को इंदिरापुरम के विंडसर क्लब में महिला सुरक्षा पर आयोजित बैठक में दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अक्सर शिकायत होती है कि पुलिस चौकी में उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं होती। उनके लिए हर मामले में शिकायत करने के लिए थाने जाना संभव नहीं होता है। एसएसपी ने कहा कि अब पुलिस चौकी में एक महिला कांस्टेबल तैनात रहेगी, जो पीड़ित महिला की शिकायत करने पर रसीद के रूप में एक पीली पर्ची देगी। महिला कांस्टेबल शिकायत की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराएगी। उसके बाद पीड़ित महिला पुलिस चौकी से रिपोर्ट ले सकेगी।

बैठक में महिलाओं ने अनेक स्थानों पर छेड़छाड़ करने की शिकायत की, जिस पर एसएसपी ने आश्वासन दिया कि छेड़छाड़ करने वाले स्थानों का जिले भर में एक मैप तैयार कराया जाएगा। इसके बाद उन स्थानों पर महिला या पुरुष कांस्टेबल तैनात कर समस्या का समाधान किया जाएगा। महिलाए अश्लील एसएमएस और ई-मेल पर अश्लील फोटो भेजने वालों की शिकायत भी महिला हेल्पलाइन नंबर-1090 पर कर सकेगी।

बैठक में महिलाओं ने आपत्ति उठाई कि खाने-पीने की तमाम दुकानों के सामने लोग शराब पीते हैं, जिससे महिलाओं का बाजार में आना-जाना मुश्किल हो जाता है। एसएसपी का कहना था कि वह इस संबंध में खाने पीने का सामान बेचने वालों को नौटिस जारी करेंगे जिसमें खाने का सामान बाहर सर्व नहीं किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि महिला से छेड़छाड़ करने वाले मामलों में कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

गृहणियों को बेचारी कहने पर एसएसपी को घेरा

इंदिरापुरम (एसएनबी)। एसएसपी का महिला सुरक्षा पर आयोजित बैठक में गृहणियों को बेचारी कहना महंगा पड़ गया। उन्होंने जैसे ही बातचीत के दौरान गृहणियों को बेचारी कहा, वहां मौजूद महिला जोर-जोर से हंसने लगी, बल्कि उनके इस वक्तव्य पर आपत्ति उठाई। जवाब में एसएसपी को कहना पड़ा कि वह सिर्फ इंदिरापुरम की महिलाओं की बात नहीं कर रहे हैं वह अन्य थाना क्षेत्र की महिलाओं के संबंध में भी बात कर रहे हैं।

महिलाओं का हो शोषण तो डायल करें 1091

- डीजीपी ने पंचकूला में किया शुभारंभ

भास्कर न्यूज | पंचकूला

महिलाओं के साथ दुराचार हो चुका हो या होने की आशंका हो, कोई भी-कभी भी हेल्पलाइन नंबर 1091 डायल कर जानकारी दे सकता है। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचेगी। हरियाणा के सभी जिलों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। कॉल संबंधित जिले के पुलिस कंट्रोल रूप में रिसीव होगी। हरियाणा के डीजीपी रजीव सिंह दलाल ने पंचकूला स्थित पुलिस लाइन में इस सुविधा का सोमवार को शुभारंभ किया। दलाल ने कहा कि हेल्पलाइन पर किसी भी नेटवर्क से 24 घंटे कॉल की जा सकती है। कॉल रिसीव होते ही संबंधित थाने या चौकी में मैसेज फ्लैश हो जाएगा और फोन करने वाली महिला को सहायता दी जाएगी। दलाल ने कहा कि यदि किसी महिला या लड़की के साथ कोई छेड़छाड़ या दुराचार करने का प्रयास करता है या उनको किसी प्रकार से प्रताड़ित करता है, तो इस नंबर पर शिकायत की जा सकती है।

दिल्ली की तर्ज पर नंबर

बता दें कि दिल्ली में भी महिलाओं के लिए हेल्पलाइन का नंबर 1091 ही है। दलाल ने बताया कि 1091 नंबर पर ऐसा नहीं कि सिर्फ महिला ही अपने साथ हो रहे अत्याचार की जानकारी दे। बल्कि सड़क पर, आस-पड़ोस में महिला को भय की स्थिति या किसी परेशानी में देखे, कभी भी शिकायत कर सकता है।

आज से शुरू होंगी 23 रूटों पर बसों की नाइट सर्विस

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली के वसंत विहार में मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म की सबक लेते हुए 'दिल्ली ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (डीटीसी) गुरुवार से दिल्ली के प्रमुख 23 रूटों पर नाइट सर्विस प्रारंभ करने जा रही है। यह बसें रात 11 से सुबह 4 बजे तक चलेंगी। जिससे कामकाजी महिलाओं से लेकर अन्य राज्यों से ट्रेन, रेल और बसों से अन्य राज्यों से आने वाली महिला यात्रियों के साथ-साथ पुरुष यात्री भी सही सलामत घर पहुंच सकेंगे। इनके लिए डीटीसी महाराणा प्रताप (आईएसबीटी), पुरानी व नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पांच से दस मिनट के अंतराल पर विशेष सेवा के साथ दिल्ली एयरपोर्ट और आनंद विहार बस अड्डा से हर दस मिनट के अंतराल पर बसें उपलब्ध रहेंगी।

साथ ही दिल्ली के अन्य रूटों पर 37 से 50 मिनट के अंतराल पर बस चलाने का निर्णय लिया गया। डीटीसी के प्रवक्ता शरत कुमार ने बताया कि नाइट बस सर्विस के तहत 118 मयूर विहार से मोरी गेट, 205 न्यू सीमा पुरी से ओल्ड दिल्ली रेलवे स्टेशन, 261 गंद नगरी टर्मिनल से सराय काले खां, 405 बदरपुर बॉर्डर से मोरी गेट, 419 अंबेडकर नगर टर्मिनल से ओल्ड दिल्ली रेलवे स्टेशन, 502 महरौली से ओल्ड दिल्ली रेलवे स्टेशन, 604 छतरपुर गेट से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन गेट

नंबर (2), 729 कापसहेड़ा बॉर्डर मोरी गेट टर्मिनल, 753 उत्तम नगर टर्मिनल से मोरी गेट, 901 मंगोलपुरी (बीएलके) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (2), 926 टिकरी बॉर्डर से ओल्ड दिल्ली रेलवे स्टेशन, जीएल-23 आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डा से आईएसबीटी महाराणा प्रताप बस अड्डा, 740 उत्तम नगर टर्मिनल से आनंद विहार आईएसबीटी, 94 नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (गेट, 1) से सुल्तानपुरी, 920 ओल्ड रेलवे स्टेशन से मुबारकपुर डबास, 12 आईएसबीटी महाराणा प्रताप बस अड्डा से बवाना जे-जे कालोनी, 44 आईएसबीटी महाराणा प्रताप बस अड्डा से ओखला एफ एकलेव, 72आईएसबीटी महाराणा प्रताप बस अड्डा से नजफगढ़ लगभग दिल्ली की अधिकतर कालोनियों तक यात्रा के लिए उपलब्ध रहेंगी।

पांच फास्ट ट्रैक कोर्ट को मंजूरी दी

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामलों के जल्द निपटारे के लिए राजधानी में पांच फास्ट ट्रैक कोर्ट की मंजूरी प्रदान कर दी है। वहीं, हाईकोर्ट ने वसंत विहार गैंगरेप के मामले की स्वयं निगरानी करने का निर्णय किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की अंतिम जांच रिपोर्ट उन्हें दिखाने से पहले निचली अदालत में आरोपपत्र दाखिल न किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश डी मुरुगेशन ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने पत्र लिखकर पांच फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का आग्रह किया था। यह अदालतें जल्द काम शुरू कर देंगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह अदालतें तब तक कुछ नहीं कर सकती जब तक जांच ठीक ढंग से न हो और गवाहों को अदालत में पेश न किया जाए। हम इस इसका स्थायी समाधान करना चाहते हैं।

मुख्य न्यायाधीश डी. मुरुगेशन व न्यायमूर्ति राजीव सहाय एंडलो की खंडपीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्थायी अधिवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि जांच जल्द से जल्द पूरी करके एक माह में आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा। खंडपीठ ने कहा कि हम पूरे मामले की निगरानी करेंगे और समय-समय पर उचित दिशा-निर्देश भी देंगे। खंडपीठ ने पुलिस को निर्देश दिया कि आरोपपत्र दाखिल करने से पूर्व उन्हें अंतिम रिपोर्ट दिखाई जाए और मंजूरी मिलने के बाद ही आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।

अब महिला हेल्पलाइन नंबर 181

जनसत्ता संवाददाता

नई दिल्ली, 24 दिसंबर। सामूहिक बलात्कार की भयानक घटना पर देश भर में हो रहे विरोध के बीच दूरसंचार मंत्रालय ने सोमवार को तीन अंकों वाले महिला हेल्प लाइन नंबर '167' की घोषणा के कुछ ही घंटे बाद बदल कर '181' कर दिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने परेशानी में महिलाओं की मदद करने के लिए दूरसंचार मंत्री कपिल सिब्बल से तीन अंकों वाले फोन नंबर आवंटित करने की मांग की थी।

दूरसंचार विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अनेक वर्ग की ओर से एक ऐसे नंबर की मांग की गई थी जो याद रखे जाने में आसान हो। इसे देखते हुए महिला हेल्प लाइन नंबर को बदल कर '181' कर दिया गया है। इससे पहले, दूरसंचार विभाग ने कहा था कि उनके पास तीन अंकों वाले नंबर के संबंध में संसाधन सीमित हैं लेकिन इस मांग के दो घंटे के भीतर हेल्प लाइन नंबर आवंटित किया गया।

पिछले दो साल में यह पहला मौका है जब तीन अंकों का नंबर जारी किया गया है।

सख्त कानून पर विचार को कांग्रेस ने बनाई कमेटी

बलात्कार के खिलाफ सजा के मामले में 15 सदस्यों की कमेटी देगी राय, सर्वदलीय बैठक बुलाएगी सरकार

अमित मिश्रा | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बलात्कार के दोषियों के खिलाफ सख्त कानून बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। बलात्कार के दोषियों के लिए सख्त सजा दिए जाने के प्रावधान को लेकर गठित जस्टिस वर्मा कमेटी की रिपोर्ट 27 जनवरी,2013 तक सरकार के पास आ जाएगी। सख्त कानून बनाने के मुद्दे पर सरकार ने जस्टिस वर्मा कमेटी को 30 दिन के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखने के लिए एक 15 सदस्यीय समिति गठित की है।

सूत्रों ने 'भास्कर' को बताया है कि कमेटी की रिपोर्ट और इस मामले में दोषियों को क्या सजा दी जाए, इसकी अनुशंसा पर अध्ययन के तुरंत बाद सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाएगी। यह बैठक

28 या 29 जनवरी,2013 को हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया है कि बलात्कार के दोषियों को कैसी सजा दी जाए, जस्टिस वर्मा कमेटी के पास देशभर से इसके लिए पत्र आ रहे हैं। यही नहीं, सांसदों के पत्रों पर लोगों द्वारा इस संबंध में भेजे जाने वाले संदेशों को भी एकत्रित कर जस्टिस वर्मा कमेटी को भेजा जा रहा है। कांग्रेस ने भी पार्टी की तरफ से राय रखने के लिए एक 15 सदस्यीय समिति बनाई है, जिसमें वित्तमंत्री पी.चिदंबरम के अलावा कपिल सिब्बल, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, एके एंटनी, जयंती नटराजन, अश्विनी कुमार, अभिषेक मनु सिंघवी, मनीष तिवारी, कृष्णा तीरथ के अलावा कई और बड़े नेता शामिल हैं।

इसके साथ ही यूपीए के विभिन्न घटक दलों की ओर से भी अलग-अलग कमेटियां बनाई गई हैं, जो अपने सुझाव और सिफारिशें वर्मा कमेटी को देंगी। कांग्रेस की ओर से दिए जाने वाले सुझावों को एकत्रित कर महिला एवं बाल विकास मंत्री कृष्णा तीरथ को दिया जाएगा। वे फिर इसे प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगी, जिस पर कोर ग्रुप में विचार-विमर्श किया जाएगा। जस्टिस वर्मा कमेटी की रिपोर्ट पर सर्वदलीय बैठक के पहले यूपीए के घटक दलों से भी सलाह-मशविरा होगा। इस रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा करने के बाद दूसरे दलों से राय ली जाएगी। सरकार ने तमाम राजनीतिक दलों से इस बारे में अपनी राय देने के लिए अपील भी की है। इस समिति से जुड़े कांग्रेस के कई नेता, जो वकालत के पेशे से भी जुड़े हैं, इसकी बारीकियों पर अध्ययन करेंगे ताकि पार्टी और सरकार की तरफ से लिए गए फैसले पर कोई आलोचना न हो और उनकी राय, संयुक्त राय के रूप में सामने आए। पार्टी चाहती है कि बलात्कार के खिलाफ सरकार सख्त से सख्त कानून लाए। इसके अलावा सरकार महिला यौन उत्पीड़न (छेड़छाड़) पर भी रोक लगाने के लिए सख्त कानून की हिमायती है। वे समिति इन दोनों मामलों पर अपनी राय पार्टी की ओर से जस्टिस वर्मा कमेटी को देगी।

रात को डीटीसी की बसों में तैनात होंगे होमगार्ड

वसंत विहार गैंगरेप हादसे के बाद मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने शर्म से रात भर डीटीसी की बसों में होमगार्ड को तैनात करने का घोषणा की है। सचिवालय में मुख्यमंत्री के साथ परिवहन मंत्री रमाकांत गोस्वामी, मुख्य सचिव पीके त्रिपाठी, परिवहन आयुक्त राजेन्द्र कुमार और परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि काले शीशों वाली बसों पर कार्रवाई के लिए रातायात पुलिस को पत्र लिखने के साथ-ग्रामीण सेवा वाहनों और ऑटो रिक्शा को अनुबन्धन में लाया जाए। इसके लिए प्रवर्तन शाखा को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। परिवहन मंत्री ने कहा कि डीटीसी अब रात्रि में 42 की बजाए 85 बसें चलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। इनसे पता चलता है कि ग्रामीण सेवा और ऑटो जरूरत से ज्यादा सवारी उठा रहे हैं, अधिक रकम ले रहे हैं, गति सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं और यात्रियों द्वारा बताए स्थान पर जाने से मना करते हैं और रूट का उल्लंघन कर रहे हैं।

योजना पर डीटीसी और दिल्ली पुलिस की केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ बैठक जल्द

सावधान! बस में की छेड़छाड़ तो पकड़े जाओगे

सीमा शर्मा

- डीटीसी की बसों में लगाए जाएंगे सीसीटीवी
- महिलाओं से छेड़छाड़ पर लगेगी लगाम

नई दिल्ली। डीटीसी की बसों में महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले मनचले अब पुलिस की पकड़ से बच नहीं पाएंगे। महिलाओं से होने वाली छेड़छाड़ को रोकने और अराजक तत्वों से निपटने के लिए बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। योजना को अमली जामा पहनाने के लिए डीटीसी प्रबंधन दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर प्रारूप तैयार कर रहा है।

दरअसल, महिलाओं के साथ बढ़ती छेड़छाड़ की घटनाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और महिला पुलिस को तैनात करने के निर्देश दिए हैं। इस दिशा में दिल्ली सरकार अब अराजक तत्वों पर नकेल कसने की

तैयारियों में जुट गई है। परिवहन मंत्री रमाकांत गोस्वामी ने डीटीसी प्रबंधन को पत्र लिखकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस बारे में डीटीसी प्रबंधन और दिल्ली पुलिस की एक बैठक हो चुकी है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चर्चा हुई है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर

महिलाओं की सुरक्षा लिए बसों में सीसीटीवी और महिला पुलिस की तैनाती की योजना बनाई जा रही है। इस बारे में दिल्ली पुलिस के साथ बैठक हो चुकी है। दिल्ली पुलिस और डीटीसी प्रबंधन की बैठक जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्रालय में होने वाली है जिसमें पूरी रूपरेखा बनाई जाएगी।

रमाकांत गोस्वामी, परिवहन मंत्री, दिल्ली सरकार

गृह मंत्रालय के साथ बैठक जल्द

सूत्रों के अनुसार, जल्द ही डीटीसी प्रबंधन और दिल्ली पुलिस की केंद्रीय गृह मंत्रालय के साथ बैठक की तैयारी चल रही है। इसमें बड़ा मुद्दा होगा कि सीसीटीवी से निगरानी डीटीसी या दिल्ली पुलिस में से कौन करेगा? इसके अलावा इस बात पर भी चर्चा होगी कि राजधानी की सड़कों में दौड़ने वाली पांच हजार से अधिक बसों में महिला पुलिस की तैनाती कैसे होगी? इतनी महिला पुलिस कहां से आएगी? इसके साथ ही डीटीसी की पुरानी लो-फ्लोर बसों में सीसीटीवी लगाने से लेकर नई बसों में कंपनी से ही कैमरा लगा कर भेजने की मांग रखी जाएगी।

एक हफ्ते चला था ट्रायल

डीटीसी के साथ मिलकर दिल्ली पुलिस ने कुछ महीने पहले मिलेनियम डिपो की लगभग दस से ज्यादा बसों में सीसीटीवी लगाकर मॉनिटरिंग ट्रायल लिया था। ये कैमरे दोनों दरवाजों के ऊपर लगाए गए थे, जिसमें बस की पूरी निगरानी हुई थी। सूत्रों के अनुसार एक हफ्ते चले ट्रायल की रिकॉर्डिंग पुलिस ने इकट्ठा की और उसकी रिपोर्ट बनाई थी। ट्रायल रिपोर्ट ओके हुई थी कि अगर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं तो छेड़छाड़ के साथ अराजक तत्वों पर लगाम लग सकती है।

संकटग्रस्त मध्यम वर्गीय महिलाओं को मिलेगा आशियाना

अल्पकाल के लिए समस्याओं से पीड़ित महिलाएं आश्रय घरों में रह पाएंगी

संजय टुटेजा/एसएनबी

नई दिल्ली। राजधानी में घरेलू हिंसा, बलात्कार या फिर किसी अन्य संकट से जूझ रहीं मध्यम वर्गीय महिलाओं को सरकार अल्पकालिक आशियाना देगी। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस तरह के दो अत्याधुनिक आश्रय गृह बनाने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है और अगले माह ही यह दोनों आश्रयगृह शुरू कर दिए जाएंगे। यह दोनों आश्रय गृह आधुनिक अतिथि गृह की तरह होंगे जहां अतिथियों को दी जाने वाली तमाम सुविधाओं के साथ-साथ भोजन की सुविधा भी होगी। दिल्ली में मध्यम वर्गीय महिलाओं के लिए सरकारी स्तर पर इस तरह का प्रयास पहली बार किया जा रहा है।

- ▶ एक माह में शुरू होंगे दो आधुनिक आश्रय गृह
- ▶ मध्यमवर्गीय महिलाओं के लिए दिल्ली में पहली बार बनेंगे इस तरह के गृह
- ▶ अतिथियों को मिलनेवाली सभी सुविधाएं महिलाओं को उपलब्ध होंगी

राजधानी में समाज कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हालांकि बेघर महिलाओं के लिए कुछ शेल्टर होम चलाए जा रहे हैं लेकिन वह सभी होम निराश्रित, बेघर तथा बीमार महिलाओं के लिए हैं। घरेलू हिंसा तथा अन्य विपत्तियों का शिकार होने वाली मध्यम वर्गीय महिलाओं के लिए कोई ऐसा आश्रय गृह नहीं है जहां संकट के समय उन्हें सहारा तथा आशियाना मिल सके। मध्यम वर्गीय महिलाओं की इसी समस्या को देखते हुए ही दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड तथा महिला एवं बाल विकास विभाग ने कारपोरेट-सोशल रिस्पांसबिलिटी के तहत वैल्सपन कंपनी के साथ मिलकर ऐसी महिलाओं को कुछ समय के लिए आशियाना उपलब्ध कराने तथा सहारा देने का निर्णय लिया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रो.किरण वालिया ने बताया कि यह दोनों आश्रय गृह अभी तक चलाए जा रहे अन्य आश्रय गृहों या होम से बिल्कुल अलग होंगे। उन्होंने बताया कि इनके लिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड ने दक्षिणी दिल्ली में सनलाइट कालोनी तथा मध्य दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित माता सुंदरी कालेज के निकट जगह उपलब्ध करा दी है। उन्होंने बताया कि सनलाइट कालोनी में बनने वाले आश्रयगृह में लगभग 50 महिलाओं के रहने की व्यवस्था होगी जबकि माता सुंदरी कालेज में 20 महिलाएं रह सकेंगी। उन्होंने बताया कि दोनों आश्रय गृह का लेआउट प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों ही स्थानों पर अभी हॉल बने हुए हैं जिनका पुनरुद्धार करने के साथ साथ कुछ कमरों, रसोईघर, स्नानगृह, शौचालय आदि का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह आश्रय गृह केवल अल्पकाल के लिए होंगे ताकि किसी संकट के समय मध्यमवर्ग की महिलाओं को सहारा मिल सके। उन्होंने बताया कि यह आश्रयगृह पूरी तरह व्यावसायिक अतिथिगृह की तरह आधुनिक बनाए जाएंगे लेकिन यह व्यावसायिक नहीं होंगे। इन आश्रयगृहों में महिलाओं की जरूरत का सभी सामान उपलब्ध होने के अलावा फर्नीचर, पलंग, टीवी, अलमारी, शीशा, बिस्तर आदि सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई तक इन दोनों आश्रयगृहों की शुरुआत कर दी जाएगी।

राष्ट्रीय सहारा 22.6.2013

पीड़ित महिलाओं के लिए बनाए जा सकते हैं वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर

प्रियंवदा सहाय

- भारत ने देशभर में इन केंद्रों को तैयार करने के लिए अल सल्वाडोर से ली है प्रेरणा
- एक ही जगह पर इन महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल, प्रशिक्षण, कौशल विकास और पुनर्वास की हो सकेगी व्यवस्था

नई दिल्ली। दुष्कर्म पीड़ित और शोषण की शिकार महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए देश में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर को आकार दिया जा सकता है। ऐसे केंद्र को बनाने के लिए भारत ने एक छोटे से देश अल सल्वाडोर से प्रेरणा ली है। इसके तहत एक ही छत के नीचे इन महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल, प्रशिक्षण, कौशल विकास और पुनर्वास की व्यवस्था की हो सकेगी।

महिला एवं बाल विकास मंत्री कृष्णा तीरथ ने हाल में ही अल सल्वाडोर में इन केंद्रों का जायजा लिया और देश में भी ऐसे वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर बनाने की इच्छा जाहिर की है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तीरथ पीड़ित महिलाओं और वृद्धों की सहायता के लिए अल सल्वाडोर की तर्ज पर वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर बनाने की इच्छुक हैं। उन्होंने बताया कि अल सल्वाडोर में बड़े पैमाने पर चल रहे ऐसे सेंटरों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य देखभाल के लिए उचित व्यवस्था की गई है। यही नहीं सभी आयु वर्ग की महिलाओं को एक साथ रहने की व्यवस्था भी केंद्र के परिसर में ही होती है। इससे प्रभावित होकर तीरथ ने भारत में भी ऐसे ही सेंटर बनाने में दिलचस्पी दिखाई है।

मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था भारत में होने पर किसी भी तरह की समस्या से जूझ रही महिलाएं इन केंद्रों के जरिए अपना समाधान निकाल सकेंगी। फिलहाल देश में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर की व्यवस्था नहीं है। हालांकि दुष्कर्म पीड़ितों और शोषण की शिकार महिलाओं के लिए सरकारी अस्पतालों में क्राइसिस सेंटर तैयार करने का एक प्रस्ताव मंत्रालय ने जरूर तैयार किया था। यानी पीड़ितों के लिए सरकारी अस्पतालों में बिस्तर आरक्षित करने, एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिसकर्मी, दवाई और एनजीओ के सदस्यों को रखने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। लेकिन अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

अमर उजाला 10.6.2013

दिल्ली पुलिस खोलेगी महिलाओं के लिए रिसेप्शन कम केयर सेंटर

नई दिल्ली(एसएनबी)। राजधानी में घरेलू हिंसा, मारपीट, बलात्कार तथा अन्य घटनाओं की पीड़ित महिलाओं को अब दिल्ली पुलिस भी कुछ समय के लिए आश्रय देगी। दिल्ली पुलिस आठ डीडीए फ्लैटों में महिलाओं के लिए रिसेप्शन कम केयर सेंटर चलाएगी, जिनका संचालन राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से किसी एनजीओ के माध्यम से किया जाएगा। उपराज्यपाल तेजेन्द्र खन्ना ने यह घोषणा शुक्रवार को महिला सुरक्षा को लेकर बुलाई गई तिमाही बैठक में की।

- ■ राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से एनजीओ करेंगे इन सेंटर का संचालन
- ■ थाना स्तर पर महिला सुरक्षा के लिए होंगी नियमित बैठकें

उपराज्यपाल तेजेन्द्र खन्ना की अध्यक्षता में आज विभिन्न महिला संगठनों तथा पुलिस अधिकारियों की तिमाही बैठक में महिला सुरक्षा से जुडे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उपराज्यपाल कहा कि जिन 8 डीडीए फ्लैटों में यह सेंटर चलाए जाएंगे उन्हें डीडीए दिल्ली पुलिस को लीज पर देगा। घरेलू हिंसा या अन्य किसी वारदात की शिकार हुई महिलाओं को इन सेंटरों में कुछ समय के लिए आश्रय दिया जाएगा।

बैठक के दौरान महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने थाना स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कोई समन्वय बैठकें न होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली के सभी थानों में नियमित रूप से महिला संगठनों के साथ महिला सुरक्षा पर समन्वय बैठकें हों तो स्थिति में काफी सुधार होगा। महिला संगठनों की इस मांग पर उपराज्यपाल तेजेन्द्र खन्ना ने तत्काल ही दिल्ली पुलिस अधिकारियों को थाना स्तर पर बैठकें शुरू करने के निर्देश दिये। उपराज्यपाल ने महिला संगठनों को आश्वस्त किया कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के जो भी सुझाव आएंगे उनके अनुरूप कदम उठाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिशनर ताज हसन अब प्रत्येक माह के अंतिम शुक्रवार को महिला संगठनों के साथ बैठक करेंगे।

राष्ट्रीय सहारा 22.6.2013

स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था करें राज्य

महिला सुरक्षा : शहरी विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों को लिखा पत्र

विनोद श्रीवास्तव/एसएनबी

नई दिल्ली। देश भर में अपराधों खासकर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से स्ट्रीट लाइट की प्रभावी व्यवस्था करने को कहा है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को पत्र लिख कर कहा कि अपराधों की रोकथाम और महिलाओं की सुरक्षा के लिए गली-मोहल्लों और सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की जाए। इस सुझाव पत्र में कहा गया है कि स्ट्रीट लाइट रोशन होने से अपराधी अपराध करने से डरेंगे। महिलाओं में सुरक्षा का भाव भी पैदा होगा। केंद्र सरकार का मानना है कि स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था होने से महिलाओं में डर कम होगा। अपराध होने की स्थिति में आरोपी की पहचान आसान हो सकेगी।

इस आशय का सुझाव पत्र केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के सचिव डॉ. सुधीर कृष्णा ने सभी राज्य सरकारों को लिखा है। उन्होंने राज्यों के शहरी विकास सचिवों को लिखे पत्र में सुप्रसिद्ध अमेरिकी जज लुईस ब्रेंडिस के कथन का हवाला दिया है कि जिस प्रकार सूरज की रोशनी कीटाणु को नष्ट करने के लिए होती है, उसी प्रकार बिजली की रोशनी अपराध को रोकने में सहायक होती है। साथ ही, उन्होंने दिल्ली में दिसम्बर में हुई सामूहिक बलात्कार की घटना और उस पर कानून में सुधार के लिए बनाई गई जस्टिस वर्मा कमेटी के उस उल्लेख का जिक्र किया है, जिसमें कहा गया है कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर स्ट्रीट लाइट बेहद जरूरी है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के तत्वावधान में जनवरी माह में हुई राज्य सरकारों के सचिवों की बैठक में यह फैसला किया गया था कि सार्वजनिक स्थलों पर स्ट्रीट लाइट को बढ़ावा देना होगा ताकि रोशनी के डर से अपराधी अपराध करने से खौफ खाएं। केंद्र ने राज्य सरकारों को सुझाव दिया है कि स्थानीय निकायों से संबंधित सभी एजेंसियां समय-समय पर इसकी समीक्षा करें कि जहां-जहां स्ट्रीट लाइट जरूरी हो वहां-वहां उसकी समुचित व्यवस्था की जाए। राज्य सरकारों को सुझाव दिया गया है कि वे इस तरह की नई तकनीक वाली स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था करें, जिनमें ऊर्जा की बचत होती है, जिससे कि उन पर स्ट्रीट लाइट को लेकर ज्यादा बोझ न पड़े।

■ कहा-स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था होने से महिलाओं के प्रति रुक सकेंगे अपराध

उन्होंने राज्यों को बताया है कि ऊर्जा मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशियेंसी ने नई तकनीक की स्ट्रीट लाइटों को लेकर एक दिशा-निर्देश भी तैयार किया है, जिसका लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि राज्य सरकारें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम सुझावों को अमल लाएंगी और स्ट्रीट लाइट जैसी व्यवस्था को मजबूत करेंगी।

राष्ट्रीय सहारा 19.5.2013

जल्द लगेंगे डीटीसी बसों में सीसीटीवी कैमरे

- परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में हुआ फैसला
- हर ऑटो रिक्शा पर जिला के आधार पर होगी कलर कोडिंग

भास्कर न्यूज़ · नई दिल्ली

महिलाओं के साथ छेड़छाड़, पॉकेटमारी, संवाहक द्वारा असभ्य बर्ताव को देखते हुए डीटीसी बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का सरकार ने फैसला किया है। इस बारे में अधिकारियों को आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। राजधानी की परिवहन व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाने व बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सचिवालय में परिवहन मंत्री रमाकांत गोस्वामी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बसों, ऑटो चालकों पर नकेल कसने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में गोस्वामी के अलावा दिल्ली पुलिस, डिम्ट्स तथा दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के बाद गोस्वामी ने बताया कि दिल्ली की सड़कों पर चलने वाले हर ऑटो का जिले के आधार पर कलर कोड होगा। परिवहन विभाग ऑटो रिक्शा के लिए 6 तरह का कलर कोड तैयार कर रहा है। ऑटो रिक्शा पर कलर कोड लगाने के बाद ऑटो चालकों की मनमानी में कमी आएगी। इस स्कीम के लागू होते ही ऑटो रिक्शा चालक दिन में कहीं पर भी जा सकते हैं परन्तु रात में जिस क्षेत्र में वे रहते हैं वहां के सवारी को मना नहीं कर पाएंगे। रात के समय जाने से मना करने वाले ऑटो चालकों की पहचान कलर कोड के आधार पर करते हुए उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऑटो चालकों द्वारा सवारी से मीटर से नहीं जाकर ज्यादा भाड़ा व बदसलूकी के संदर्भ में परिवहन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि वह यातायात पुलिस, डिम्ट्स तथा पुलिस कंट्रोल रूम को मिलाकर एक साझा योजना बनाए। ऑटो पर हेल्पलाइन नंबर लिखने के साथ आपातकालीन पैनिक बटन के प्रयोग को और बेहतर बनाया जाए जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गोस्वामी ने कहा कि इस बटन के प्रयोग करते ही एक मैसेज डिम्ट्स के कंट्रोल रूम में पहुंचेगा और वहीं से यात्री के मुसीबत में होने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को भेजने की व्यवस्था की जाएगी।



नहीं लग सकेगी किसी भी वाहन पर विज्ञापन सामग्री

अब दिल्ली में ऑटो, टैक्सी सहित किसी भी वाहनों पर प्रचार सामग्री नहीं लगाई जा सकेगी। सरकार ने इस आदेश का नोटिफिकेशन जारी करते हुए सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों के मालिकों से अपने वाहनों पर लगी किसी भी प्रकार की लगी प्रचार सामग्री को तुरंत हटाने का आदेश जारी किया है।

दैनिक भास्कर 11.6.2013

आगे भी जारी रहेगी लड़ाई

कुमुदिनी पति

विशाखा केस में सर्वोच्च न्यायालय के 1997 के निर्देशों के मद्देनजर कई संस्थाओं में पहले ही कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शिकायत समितियों का निर्माण हो गया था पर केंद्रीय कानून के अभाव में शिकायत समिति का निर्माण अनिवार्य नहीं था और न उत्पीड़ित महिला इस बाबत मालिकों या अधिकारियों को सजा दिलाने की मांग कर सकती थी। यदि संबंधित कानून बन जाता है तो सभी सरकारी गैर-सरकारी संस्थानों, संस्थाओं, सेवाओं व संगठित-असंगठित क्षेत्र की कर्मचारियों सहित वहां आने वाली महिलाओं के लिए भी शिकायत समितियों का निर्माण करना होगा। क्लाइंट हो या अस्पताल/नर्सिंग होम आने वाली रोगी महिला, छात्रा हो या घरेलू कामगार महिला, सब इसका प्रयोग कर सकेंगी। गौरतलब है कि घरों, ट्रस्टों व एनजीओ को भी कानून के दायरे में लाया गया है, जो बहुत जरूरी था क्योंकि घरेलू कामगारिनों पर जघन्यतम अत्याचारों के मामले सामने आए हैं। फिर अनेक विवादास्पद धर्मगुरुओं द्वारा महिलाओं के यौन शोषण के किस्से भी प्रकाश में आते रहे हैं। जहां तक एनजीओ की बात है तो आज यह खासकर महिलाओं के लिए विस्तृत रोजगार क्षेत्र है। अतः इन्हें कार्यस्थल की परिधि में लाना उचित कदम है।

दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है कि जहां दस से कम महिलाकर्मी हैं या मालिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप है, वहां जिला स्तर का अधिकारी स्थानीय शिकायत समिति का निर्माण करेगा। काम के दौरान महिला जहां जाएगी, उस स्थान को कार्यस्थल माना जाएगा। जैसे, मरीज देखने या आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाने अथवा सर्वे के लिए जाना आदि। जांच लिखित शिकायत को आधार बनाकर की जाएगी और इसे 90 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। शिकायत समिति को निर्णय लागू करने हेतु अधिकतम 60 दिन का समय दिया जाएगा। समिति को सिविल कोर्ट का अधिकार प्राप्त होगा और फैसले से संतुष्ट न होने पर महिला आगे न्यायालय जा सकेगी।

महिला आंदोलनकारियों के दबाव के कारण घरेलू कामगार औरतों को इस कानून के दायरे में लाया गया है। पर आश्चर्य है कि कृषि क्षेत्र में जहां दस से अधिक औरतें मजदूरी कर रही हों, उन्हें इससे राहत नहीं मिलेगी। हैरानी की बात है कि असंगठित क्षेत्र का यह सबसे विस्तृत दायरा कानून से बाहर रह गया। आंकड़े बताते हैं कि 89.5 प्रतिशत महिला श्रमिक कृषि व उससे संबंधित व्यवसायों में कार्यरत हैं। इस पर विशेष धारा जोड़ने के लिए सीपीएम सांसद सुस्मिता बाउरी ने प्रयास किया था पर कोयला आवंटन पर मचे कोहराम के बीच उनकी आवाज दब गई और विधेयक जस-का-तस पारित कर दिया गया। और भी कुछ मामले हैं, जिन पर कानून की आलोचना की जा रही है-पहला शिकायत समिति के सदस्यों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनने की जगह मनोनीत करना। महिला संगठनों का कहना है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय में चुने हुए सदस्यों को समिति में लेने की परंपरा रही है तो इस परिपाटी को सब जगह चलाने में क्या बाधा है? दिल्ली के एक एनजीओ के निदेशक ने शिकायत समिति अपनी पसंद के लोगों को मनोनीत कर बना ली जिस पर प्रतिक्रिया थी कि शिकायत समिति के प्रश्नों से जाहिर हो जाता था कि वे उत्पीड़क के पक्ष में थे। जिला शिकायत अधिकारी व एनजीओ निदेशक खास अभिजात्य तबके से आते हों तो क्या उनके बीच खास तरह का एका बन जाने की संभावना से इनकार किया जा सकता है? यह अवश्य अच्छा कदम है कि कानून सही तरीके से लागू न करने पर संस्था या संगठन के मुखिया को जुर्माना भरना होगा, जो 50,000 रुपये तक हो सकता है और उत्पीड़ित महिला को शिकायत के बदले किसी प्रकार की असुविधा, बदनामी, काम के स्वरूप में बदलाव या अन्य प्रताड़ना नहीं सहनी होगी। पर धारा 14.1 परेशानी पैदा कर सकती है। झूठी या बदले की भावना से प्रेरित होकर शिकायत दर्ज करने अथवा झूठे गवाह पेश करने की स्थिति में सेवा नियमों के तहत शिकायतकर्ता पर कार्रवाई हो सकती है। धारा 10.1 यह भी कहती है कि शिकायत समिति शोषित महिला और आरोपित के बीच, महिला के कहने पर समझौता करवा सकती है। ऐसे में शिकायत पर आगे की कार्रवाई खत्म हो जाएगी।

कानूनविद् कहते हैं कि यह गलत प्रक्रिया है क्योंकि उत्पीड़क की पुरुष या मालिक होने के नाते सामाजिक हैसियत उसे उच्च पायदान पर रखती है और ज्यादातर मामलों में महिला दबाव में ही समझौते के लिए राजी होती है। ऐसा दबाव बनाया जाना आसान भी होता है; धमकी, अपनी या परिवार की बदनामी के खतरे, पदोन्नति या आर्थिक लाभ का लालच आदि का इस्तेमाल कर महिला को समझौते के लिए मजबूर किया जा सकता है। इलाहाबाद में अस्सी के दशक में एनसीजेडसीसी की एक कर्मचारी को मकान और पदोन्नति का लालच देकर पुलिस केस वापस कराने की कोशिश हुई थी। कई बार उत्पीड़क बलात्कार की शिकार महिला के समक्ष विवाह का प्रस्ताव तक रख देता है। ऐसा प्रस्ताव दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल के कर्मचारी ने बलात्कार की शिकार नर्स के समक्ष रखा था और न्यायालय तक ने इस पर विचार का समय दिया तो महिला आंदोलनकारियों की ओर से तीखा प्रतिरोध हुआ। यह भी सच है कि किन्हीं महिलाओं की ओर से फर्जी केस बनाया जा सकता है पर क्या यह साबित होने की स्थिति में सजा की जगह शिकायत को रद्द कर देना ही काफी नहीं? एक प्रावधान यह भी है कि यौन उत्पीड़न की शिकार महिला की शिकायत संबंधी किसी बात का खुलासा नहीं किया जाएगा, न मीडिया के समक्ष लाया जाएगा। पर सीजीएचएस के एक केस में आरोपी डॉक्टर ने अपनी यूनियन में मामला उठा दिया और इस तरह केस तमाम कर्मचारियों के बीच प्रचारित ही नहीं हुआ बल्कि घटिया किस्म के चरित्र हनन तक पहुंच गया। उप निदेशक ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और महिला ने भी प्रतिक्रिया में मीडिया से बात करनी शुरू की। विभाग रोकने में अक्षम हो तो कानून क्या करेगा ताकि महिला के दर्द का मखौल न बने, इस पर किसी सजा का प्रावधान नहीं है।

सबसे बड़ा मुद्दा औरतों को जागरूक करने का है कि उनके पास एक कानूनी हथियार है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने पुणे में छात्राओं के बीच सर्वे किया तो पता चला कि 66.5 प्रतिशत लड़कियों को पता ही नहीं था कि यौन उत्पीड़न के अंतर्गत आता क्या है? यौन उत्पीड़न के तहत किसी महिला पर फब्तियां कसने से लेकर उसके रूप, शरीर व पोशाक संबंधी कमेंट, यौन संबंधों के लिए आमंत्रण और अश्लील चित्र दिखाना या छूना आदि शामिल हैं। प्रख्यात नारीवादी चिंतक नाओमी वुल्फ ने अपनी पुस्तक 'वजाइना' में लिखा है कि महिलाओं के दिमाग में यदि यौन उत्पीड़न का भय पैदा किया जाए तो उसका सीधा असर उसके यौन अंग पर पड़ता है क्योंकि शरीर में कोर्टिसोल की मात्रा बढ़ जाती है। लम्बे समय तक ऐसा होने पर महिला की सेक्सुअल ऐक्टिविटी व अन्य बातों का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। क्या ऐसे माहौल में महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकती हैं; क्या उनकी कार्यक्षमता प्रभावित नहीं होगी? सोनी सोरी को कारावास में जिस तरह यौन हिंसा का शिकार बनाया जा रहा है, उसकी शिकायत कौन दर्ज करेगा? स्कूल-कॉलेज में लड़कियों को क्या सुकून से पढ़ने और अपनी कुशलता प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा यदि वे पुरुष अध्यापकों की गलत हरकतों से डरी-सहमी व तनावग्रस्त रहेंगी? कानून इन स्थितियों से निपटने का एक तरीका है पर हमने देखा है कि दहेज व घरेलू हिंसा कानून के बनने के बाद भी उन्हें सही तरीके से लागू करना दिक्कत भरा रहा है। शायद और जद्दोजहद की जरूरत है, कानून को महिलाओं के पक्ष में इस्तेमाल के लिए।

महिलाओं के प्रति सम्मान व बराबरी का माहौल बनाने के लिए सिर्फ सरकार नहीं बल्कि समाज का प्रगतिशील हलका-शिक्षाविद्, संस्कृतिकर्मी, मीडिया जगत के लोग व न्यायविद् काम करें तभी यौन उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष सफल होगा। पुरुषों का एक हिस्सा जो कानून की धार कुंद करने के लिए उसे 'जेन्डर न्यूट्रल' बनाना चाहता है, दरअसल एक पुरुष सत्तात्मक प्रतिक्रिया के अलावा कुछ नहीं है। अतः श्रीमती कृष्णा तीरथ का कहना कि पुरुषों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले का भी अध्ययन करना होगा, गैरजरूरी लगता है। महिलाओं को जब संविधान से बराबरी का हक मिला है तो कार्यस्थल पर उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार क्यों हो?

- महिलाओं के प्रति सम्मान और बराबरी का माहौल बनाने के लिए सिर्फ सरकार नहीं बल्कि समाज का सम्पूर्ण प्रगतिशील हलका-शिक्षाविद्, संस्कृतिकर्मी, मीडिया जगत के लोग व न्यायविद् काम करें। तभी यौन उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष सफल होगा। पुरुषों का एक हिस्सा जो कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध कानून की धार को कुंद करने के लिए उसे 'जेन्डर न्यूट्रल' बनाना चाहता है, दरअसल एक पुरुष सत्तात्मक प्रतिक्रिया के अलावा कुछ नहीं है
- महिलाओं को जब संविधान के तहत बराबरी का हक मिला है तो कार्यस्थल पर उनके साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार क्यों हो

आधी आबादी को मिले आगे बढ़ने का मौका

कार्यस्थल पर होने वाले यौन शोषण पर आने वाले बिल की चर्चा से घबराये पुरुषों ने अपना पक्ष रखने के लिए अनाप-शनाप बोलना चालू कर दिया है। इनमें से कइयों की दलील है कि कुछ सयानी टाइप की कर्मचारी अपने स्त्रीत्व का लाभ लेने को भी लालायित रहती हैं

कुछ पुरुष अधिकारी स्वयं को रसिया टाइप का बता कर शेखी बघारते हैं और इसकी आड़ में लैंगिक विभेद वाली टिप्पणियां व कटाक्ष करने को अपनी आदत बता कर बच लेते हैं। खासकर, जो बड़ी मीटिंगें करते हैं, समूह में कर्मचारियों या अधीनस्थों को संबोधित करते हैं, ऐसे सत्ताधारियों को इस तरह की छूट कतई नहीं दी जानी चाहिए

अलका आर्य

'मैं कितनी आजाद हूं? कब घर लौट सकती हूं? मेरी वेश-भूषा कैसी हो? नौकरी कर सकती हूं या नहीं? पति मेरी पसंद का हो या नहीं आदि सवालों का जवाब देना इतना सरल नहीं है। हां, हमारे देश को आजाद हुए 65 साल हो गए हैं और इस बीच महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई कानून भी बनाए गए हैं, मगर हम पूरी तरह से खुद को आजाद महसूस नहीं करती हैं। रोजाना की जिंदगी यह तल्ख अहसास कराती रहती है।' ये विचार दिल्ली के एक कॉलेज में पढ़ने वाली कुछेक लड़कियों के हैं। कामकाजी महिलाओं से बात की तो वे बोलीं 'आजादी का मतलब है गुलामी का खत्म होना। अंग्रेजी शासन तो खत्म हो गया, सरकार हमारी है पर सरकार किसी भी पार्टी की हो, उसके एजेंडे में महिलाओं को कितनी प्राथमिकता दी जाती है, यह समझना बहुत ही महत्वपूर्ण है।'

इसी बात को आगे तक ले जाने की जरूरत है। यह तय है कि कोई भी देश महिलाओं के विकास, सशक्तिकरण को नजर अंदाज कर आगे नहीं बढ़ सकता है। ऐसा करने की कीमत उसे देर-सबेर चुकानी ही पड़ती है। अपने देश में बीते दिनों असम राज्य की राजधानी गुवाहटी में रात के 9.30 बजे चलती सड़क पर कुछ आवारा लड़कों ने एक युवती के साथ जो अश्लील व्यवहार किया, उससे सारे देश में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर बड़ी बहस छिड़ गई।

एक युवती ने बताया कि दिल्ली में आवागमन के लिए मेट्रो रेल-सेवा शुरू होने पर उसे लगा था कि वह अब बेहिचक कहीं भी आ-जा सकेगी। घर से दफ्तर और मनपसंद थियेटर, सिनेमा या दोस्तों के साथ घूमने-फिरने के लिए आने-जाने के लिए अब उसे उन सार्वजनिक बसों से छुटकारा मिल जाएगा, जहां अक्सर सफर के दौरान मनचले बदतमीजी करते रहते हैं लेकिन कई महीनों के बाद जब मेट्रो में भी उसे ऐसी ही घटनाओं का सामना करना पड़ा तो अंततः कार खरीदना ही उसे इस समस्या का समाधान लगा।' प्रसंगवश बता दिया जाए कि उस समय मेट्रो में महिला कोच का प्रावधान नहीं किया गया था और मेट्रो में महिलाओं के साथ इस तरह की घटनाओं में वृद्धि के मद्देनजर ही महिला संगठनों ने मेट्रो में महिला कोच आरक्षित करने की मांग की थी। शुक्र है कि संगठनों की मांग पर सुनवाई हुई और अब हर मेट्रो में एक महिला कोच है।

सच यह है कि अपने यहां आजादी के बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बुनियादी ढांचे में जो बदलाव होने चाहिए थे, उन पर गौर नहीं किया गया। महिला सशक्तिकरण के नाम पर आज जो कुछ नजर आता है, उसके लिए महिला संगठनों ने काफी संघर्ष किया है। इसमें दो राय नहीं कि आजादी के साथ ही महिलाओं को वोट देने का अधिकार मिल गया और बीते एक दशक में संसदीय चुनाव व विधानसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की संख्या का प्रतिशत बढ़ा है और यह उल्लेखनीय है। पर जहां तक लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को तैंतीस

फीसद आरक्षण देने का सवाल है तो वह बिल पिछले पंद्रह सालों से लटका हुआ है। उस पर आम सहमति वाले मुद्दे को उठाकर पीछे सरका दिया जाता है।

बहरहाल, अब वक्त आ गया है कि सरकार अपने मुल्क की आधी आबादी को यह भरोसा दिलाए कि वह उसके लिए जो योजनाएं बनाएगी, वे महज कागजों पर ही नहीं होंगी बल्कि उनके अमल पर भी पर्याप्त निगरानी रखेगी। वह महिलाओं को बराबरी का हक दिलाकर रहेगी। उनके खिलाफ अपराध करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। इंसाफ मिलने में अधिक देरी नहीं होगी और अधिक से अधिक अपराधियों को सजा मिलेगी। यह भी एक सच है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले अदालत में बहुत कम दोषी साबित होते हैं। इससे अपराध करने वालों को शह मिलती है। देश में उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आईआईएम बेंगलुरु में 26 प्रतिशत लड़कियां हैं जबकि आईआईएम रांची में 39 प्रतिशत लड़कियां हैं। आईआईएम कोझिकोड में यह आंकड़ा 36 प्रतिशत का है। इंजीनियरिंग में बीते एक दशक में लड़कियों की संख्या 122 प्रतिशत तक बढ़ी है। 68 प्रतिशत संख्या कॉमर्स व मैनेजमेंट में बढ़ी है। लेकिन उच्च पदों पर बहुत ही कम महिलाएं पहुंच पाती हैं।

अपने देश भारत में शीर्ष प्रबंधन के स्तर पर महज तीन प्रतिशत महिलाएं ही पहुंच पा रही हैं। मैकेंजी एंड कंपनी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में निचले स्तर पर भी महिलाओं की मौजूदगी दुनिया में सबसे कम 35 फीसद है जबकि चीन में निचले स्तर पर 76 प्रतिशत से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं जो दुनिया में सबसे अधिक है। ऐसे में अपनी सरकार को महिलाओं को नौकरी करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। अपने यहां मातृत्व अवकाश का लाभ देने वाली सरकारी नीति है और इसी तरह और भी कुछ सुविधाएं हैं पर अब कामकाजी महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर गंभीर विचार करना होगा क्योंकि वे भी देश की तरक्की और विकास में अमूल्य योगदान दे सकती हैं। शिक्षा हो या खेल का मैदान, लड़कियों ने हर जगह अपना लोहा मनवा दिया है। लंदन ओलंपिक में सायना नेहवाल ने देश के लिए महिला बैडमिंटन एकल मुकाबले में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है और वह ओलंपिक में पदक हासिल करने वाली भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई है। इसी तरह पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में देश के लिए कांस्य पदक जीता।

महिलाएं इस देश की मजबूत रीढ़ हैं और उस रीढ़ को उत्तरोत्तर मजबूत करने की जरूरत है। उन्हें बराबरी के मौके प्रदान करना और सुरक्षा का माहौल देना सरकार का दायित्व है। फिलहाल तो यही कहा जा सकता है कि आजादी के 65 सालों में महिलाओं को जितना हासिल होना चाहिए था, उतना हासिल नहीं हुआ। समाज का कट्टरपंथी वर्ग कभी उन्हें पहनावे के नाम पर धमकाता है तो कभी पुरुष मित्रों से नहीं मिलने के फरमान जारी कर देता है। हाल में झारखंड के रांची व जम्मू-कश्मीर के सोपियां में दीवारों पर पोस्टर चिपकाए गए जिनमें लड़कियों को जींस, उकसाने वाले वस्त्र आदि पहनने पर आपत्ति जताई गई और चेतावनी दी गई कि यह आदेश नहीं मानने वाली लड़कियों/महिलाओं को सबक सिखाया जाएगा। दुर्भाग्यवश ऐसी खबरें देश के हर कोने से पढ़ने-सुनने को मिलती ही रहती हैं।

पति की जोर-जबर्दस्ती भी हो कानूनी दायरे में

यौन उत्पीड़न

भारत डोगरा

हाल के समय में यौन हिंसा के विरुद्ध व्यापक स्तर पर जो माहौल बना और उस निमित्त कड़े कानून बनाने की जो बात उठी, उसमें अनेक महिला संगठनों ने यह मांग भी रखी कि वैवाहिक संबंधों के दायरे में होने वाले यौन उत्पीड़न को भी कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। महिला संगठनों की अनेक मांगों को सरकार ने स्वीकार किया है, लेकिन इस पर बात नहीं की। ऐसे में सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना होने पर इतना अवश्य कहा गया कि सरकार इस मामले में पुनर्विचार कर सकती है और उसने विकल्प खुले रखे हैं।

बहरहाल, इस मुद्दे की बहुत समय तक उपेक्षा होने के बावजूद इस सवाल को उठाना जरूरी है कि आखिर वैवाहिक संबंधों में यौन उत्पीड़न रोकने के लिए या इसकी संभावना न्यूनतम करने के लिए कानून की सहायता क्यों न ली जाए? इस बात को तो सभी स्वीकार करेंगे कि यौन संबंधों में किसी भी तरह की जोर-जबरदस्ती हर स्थिति में अनुचित है। यदि यह नैतिक दृष्टि से अनुचित है, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुचित है व महिला अधिकारों की दृष्टि से अनुचित है तो आगे यह कहना जरूरी हो जाता है कि केवल वैवाहिक रिश्तों का आवरण मिल जाने से ही अनुचित मांग उचित नहीं हो सकती है। अतः इस बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि वैवाहिक संबंधों के दायरे में यदि यौन संबंधों में जोर-जबरदस्ती होती है तो इसे पूरी तरह अनुचित माना जाए। इससे आगे यह जानना आवश्यक है कि वैवाहिक संबंधों के दायरे में यौन संबंधों के मामले में वास्तव में कितनी जोर-जबरदस्ती होती है। देखा जाए तो इस तरह की जोर-जबर्दस्ती काफी व्यापक स्तर पर होती है और कुछ विशेष कारणों से बढ़ती जा रही है। इस मामले में कुछ प्रवृत्तियां पहले से चली आ रही हैं जबकि कुछ हाल के समय में बढ़ी हैं। मूल प्रवृत्ति तो पुरुष सत्तात्मक समाज के कारण है जो आदिकाल से लेकर आज तक हावी है। पुरुष सत्तात्मक प्रवृत्तियों के कारण यौन संबंध स्थापित करना पति का हक समझा जाता है और इसके लिए पत्नी की सहमति प्राप्त करने की भी आवश्यकता महसूस नहीं की जाती है।

दूसरी प्रवृत्ति बाल विवाह के कारण है। परंपरागत समाज में बाल विवाह की प्रथा तो थी

- इस बात को तो सभी स्वीकार करेंगे कि यौन संबंधों में किसी तरह की जोर-जबरदस्ती अनुचित है। यदि यह नैतिक दृष्टि से अनुचित है, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से अनुचित है व महिला अधिकारों की दृष्टि से अनुचित है तो कहना जरूरी हो जाता है कि केवल वैवाहिक रिश्ते का आवरण मिल जाने से ही अनुचित मांग उचित नहीं हो सकती
- अतः इस बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि यदि वैवाहिक संबंधों के दायरे में यौन संबंधों में जोर-जबर्दस्ती होती है तो इसे पूरी तरह अनुचित माना जाए

पर साथ में कुछ सावधानियां भी बरती जाती थीं कि उचित आयु से पहले यौन संबंध स्थापित न हों। पर इन सावधानियों को सदा नहीं अपनाया जाता। इस कारण कच्ची उम्र में यौन संबंध स्थापित होने की स्थितियां अक्सर स्त्री के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती हैं। हमारे समाज में बेमेल विवाह की समस्या व्यापक स्तर पर मौजूद है जो प्रायः कन्या पक्ष की मजबूरियों से जुड़ी होती है। इस कारण भी वैवाहिक जीवन में यौन संबंधों को लेकर जोर-जबर्दस्ती की संभावना बनी रहती है।



परिवार नियोजन की दृष्टि से या किसी संक्रामक रोग की आशंका के चलते उससे बचने के लिए कई बार पत्नी चाहती है कि पति की ओर विशेषकर कंडोम जैसे गर्भ-निरोधक या कंट्रासैप्टिव का उपयोग हो, जबकि पति को यह स्वीकार्य नहीं होता है। इस कारण भी यौन संबंधों में जोर-जबरदस्ती की स्थिति आ सकती है।

इन सब स्थितियों के अतिरिक्त हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में यौन उत्पीड़न बढ़ने का जो नया कारण बहुत तेजी से पनपा है वह है विभिन्न प्रचार माध्यमों द्वारा अश्लील सामग्री का प्रसार। इंटरनेट ने इसमें सबसे नकारात्मक भूमिका निभायी है। वहां यौन संबंधी तमाम विकृतियों की भरमार है। सिनेमा-टीवी व आइटम नंबर से भी नई तरह की सैक्स संबंधी सोच बन रही है। इन सबसे प्रभावित होकर कई बार पति पत्नी से इस तरह के यौन संबंधों की मांग कर बैठता है जो पत्नी को कतई रुचिकर नहीं लगता। ऐसी स्थिति में कभी-कभी अपनी पुरुष प्रधान सोच के आधार पर पति मनमर्जी के यौन संबंधों के लिए जोर-जबरदस्ती करता है। इस तरह की अनचाही मांग के कारण पत्नी यौन संबंधों के प्रति विमुख हो सकती है और भविष्य में जोर जबरदस्ती की संभावना और बढ़ सकती है। ऐसी स्थितियां बहुत कष्टदायक हो सकती हैं। यह प्रवृत्ति किस हद तक जा सकती है, इसकी जानकारी महिला हिंसा के एक अध्ययन के दौरान मिली जिसमें पति ने पहले पत्नी को बुरी तरह मार-पीट कर घायल किया और कुछ दिन बाद घायल स्थिति में ही उसके साथ जबरदस्ती यौन संबंध स्थापित किया। इन स्थितियों को देखते हुए स्वीकार करना होगा कि पति-पत्नी के रिश्तों में होने वाली यौन संबंधी जोर-जबरदस्ती शारीरिक और मानसिक कष्ट का कारण बन सकती है। यही वजह है कि वैवाहिक संबंधों के दायरे में होने वाले यौन उत्पीड़न को भी यौन हिंसा विरोधी कानूनों के दायरे में लाये जाने की पैरवी की जाती रही है।

देखा जाए तो यह नई सोच नहीं है। विश्व के अनेक देशों में पहले से ऐसी कानूनी व्यवस्था मौजूद है। विश्व स्तर पर कानून की स्थिति क्या है, इसके बारे में विधि विशेषज्ञ अरविंद जैन बताते हैं, 'दुनिया के 76 देशों में वैवाहिक बलात्कार दंडनीय अपराध है जबकि भारत सहित पांच देशों में इसको अपराध केवल तब माना जाता है जब पति-पत्नी कानूनी तौर पर एक-दूसरे से अलग रह रहे हों।' वह आगे कहते हैं, '1991 में आर बनाम आर मामले में हाउस ऑफ लार्ड्स की राय के मुताबिक कोई भी पति अपनी पत्नी के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने पर अपराधी हो सकता है क्योंकि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता कि शादी के बाद सभी परिस्थितियों में पत्नी यौन संबंध बनाने के लिए खुद को पेश करेगी। पीपुल्स बनाम लिब्रेटा मामले में न्यूयार्क की अपील कोर्ट ने कहा कि बलात्कार और वैवाहिक जीवन में बलात्कार के बीच अंतर करने का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने न्यूयार्क के उस कानून को असंवैधानिक करार दिया, जिसने वैवाहिक बलात्कार को अपराध न मानने की छूट दे रखी थी। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने घोषित किया कि पत्नी की सहमति के बिना वैवाहिक सेक्स बलात्कार की श्रेणी में आएगा।'

वैश्विक स्तर के इस मूल्यांकन से पता चलता है कि इस संबंध में कानून का झुकाव भी वैवाहिक संबंधों में यौन उत्पीड़न को गैर-कानूनी मानने के पक्ष में है और इस बारे में कानून बनाने से परहेज नहीं होना चाहिए। गौर से विचार करें तो बहुचर्चित वर्मा समिति की रिपोर्ट का झुकाव भी इस ओर दिखता है। संसदीय समिति के दो सदस्यों प्रशांत चटर्जी व डी. राजा ने भी वर्मा समिति की सिफारिशों का समर्थन किया।

यह धारणा अनुचित है कि ऐसा कानून बनने से परिवार टूटेंगे। इस तरह की शिकायतें परिवार से बाहर बहुत कम की जाती हैं, पर कानून बनने व प्रचारित होने से अनुचित जोर-जबरदस्ती के प्रति डर जरूर पैदा हो जाता है।

वैवाहिक संबंधों में यौन उत्पीड़न के विरुद्ध कानून का उद्देश्य भी यही होगा कि इस जोर-जबरदस्ती की प्रवृत्ति को कम से कम किया जाए। इस तरह एक बुराई व अन्याय की संभावना को पहले की अपेक्षा कम किया जा सकता है पर स्थिति को बेहतर करने का एकमात्र उपाय कानून नहीं है। उसके साथ पति-पत्नी के संबंधो को बेहतर करने और उनमें अधिक कोमलता लाने के अन्य प्रयास साथ में होने चाहिए। अंतिम उद्देश्य तो परिवार को बचाना और मजबूत करना ही है। यदि यौन संबंधों में जोर-जबरदस्ती न हो तो इससे वैवाहिक जीवन सुखद होगा और परिवार की खुशहाली बढ़ेगी।

(आलेख में व्यक्त विचार लेखक के निजी हैं)

राष्ट्रीय सहारा 22.3.2013

परिवार व विवाह बचाने का तर्क

नरेश गोस्वामी

लेखक टिप्पणीकार हैं।

संबंधों में दमन और उत्पीड़न की असामान्य घटनाएं अक्सर यह इशारा भी करती हैं कि जिन संस्थाओं को हम प्रश्नों और संदेह से परे मानकर निश्चिंत हो बैठते हैं उनमें सब कुछ सही नहीं होता। अंततः समाज की सारी संस्थाएं दैवीय आदर्शों की रक्षा के लिए नहीं बल्कि मनुष्य के लिए बनाई जाती हैं।

महिलाओं के विरुद्ध यौन अपराध से संबंधित अध्यादेश पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों साफ कर दिया कि वैवाहिक संबंध में बलात्कार की घटना को यौन अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। समिति के अधिकांश सदस्यों का मानना था कि अगर इस प्रस्ताव को स्वीकार किया गया तो यह विवाह की संस्था के लिए विनाशकारी साबित होगा। समिति के सदस्य वेंकैया नायडू के अनुसार ऐसे मामले आमतौर पर परिवार द्वारा निपटा लिए जाते हैं इसलिए इसके लिए अलग से कोई कानून बनाना वांछनीय नहीं होगा। बहुमत की राय में इस बात का हवाला दिया गया कि वैवाहिक संबंधों में क्रूरता और हिंसा के उपबंध पहले से ही हैं, जिनके आधार पर स्त्री अत्याचारी साथी के खिलाफ अदालत में जा सकती है।

गौरतलब है कि मसले पर कई सदस्यों ने अलग राय भी रखी थी। उनका कहना था कि विवाह में यौन संबंधों के प्रति सहमति कोई शाश्वत या स्थायी स्थिति नहीं होती। इसलिए स्त्री पक्ष के पास इस हिंसा से बचने की गुंजाइश होनी चाहिए। पर अंततः उनके तर्कों को आम राय में शामिल नहीं किया गया।

कहना न होगा कि समिति ने इस मामले में व्यक्ति से पहले परिवार और विवाह की संस्थाओं को प्रधानता देकर एक तरह से रूढ़िवादी सोच का साथ दिया है। इस बात पर वितंडा खड़ा करना सरासर बदमजगी ही होगी कि विवाह और परिवार मनुष्य के सबसे अहम भावनात्मक और आर्थिक संबल होते हैं। लेकिन सरकार के सामने मूल मुद्दा यह नहीं था कि इन संस्थाओं की निरंतरता को कैसे बरकरार रखा जाए। सवाल असल में यह था कि जब विवाह और परिवार संबल और सुरक्षा के बजाए यातना व दमन के कारण बनने लगें तो ऐसे में इन संस्थाओं का क्या किया जाए। यह ठीक है कि कुछ नकारात्मक उदाहरणों के आधार पर पूरे समाज के लिए सर्वमान्य सिद्धांत नहीं बनाया जा सकता। लेकिन यह बात भी उतनी ही सटीक है कि संबंधों में दमन और उत्पीड़न की असामान्य घटनाएं अक्सर यह इशारा भी करती हैं कि जिन संस्थाओं को हम प्रश्नों और संदेह से परे मानकर निश्चिंत हो बैठते हैं उनमें सब कुछ सही नहीं होता। अंततः समाज की सारी संस्थाएं दैवीय आदर्शों की रक्षा के लिए नहीं बल्कि मनुष्य के लिए बनाई जाती हैं।

अगर समिति वैवाहिक बलात्कार को इसलिए मान्यता नहीं देना चाहती क्योंकि इससे परिवार और विवाह की संस्थाएं बिखर जाएंगी तो उसे पारंपरिक विवाह की मौजूदा संस्कृति पर भी नजर डालनी चाहिए। उसे यह भी जानना चाहिए कि हमारे समाज में विवाह के अनुष्ठान को चाहे पवित्रता का कैसा ही आभामंडल दिया जाता हो लेकिन उसकी सज-धज, खर्च और आडंबर का संबंधों की ऊष्मा से कोई नाता नहीं होता। अक्सर तो ऐसे संबंध बहुत जल्द आपसी कलह, पारिवारिक तनावों, कानूनी दांवपेंचों, अत्याचार, घुटन और बेगानगी में जा फंसते हैं। इसलिए, पिछले वर्षों में अर्थव्यवस्था ने सामाजिक जीवन को जिस तरह बदला है उसमें विवाह की संस्था अपने पूर्व और परिचित रूप में जिंदा नहीं रह सकती। संचार और तकनीकी के साधनों और आत्मनिर्भरता ने स्त्री को जैसा स्पेस दिया है उसके बाद पारंपरिक विवाह कई बार उसके लिए एक थोपा हुआ फैसला भी हो जाता है। समिति अगर इन संस्थाओं को बचाने पर तुली है तो उसे कम से कम विवाह के मौजूदा स्वरूप को देखने की हिम्मत भी जुटानी चाहिए थी।

गौर करें कि जिस तरह संसदीय समिति के बहुमत ने विवाह को बचाने के लिए वैवाहिक बलात्कार का संज्ञान लेने से मना किया है उसी तरह से हमारे समाज का मुखर बहुमत भी विवाह और परिवार के प्रशस्ति गान में सीधे वैदिक काल में छलांग लगाने का आदी रहा है। उसके आगे जब भी स्त्री की कमतर और कमजोर स्थिति का जिक्र किया जाता है तो वह वेद और उपनिषदों में वर्णित विदुषियों की फेहरिस्त दिखाने लगता है। लेकिन स्त्री के स्वतंत्र अस्तित्व और उसकी पसंद-नापसंद के बारे में वह कभी बात नहीं करता।

जाहिर है कि समिति और सरकार विवाह और परिवार को एक ठहरे हुए फ्रेम में देखना चाहती है। उसके अनुसार अगर परिवार वैवाहिक जीवन में हिंसा और अत्याचार की घटनाओं से खुद निपट सकता है तो यही कहा जाएगा कि उसकी राय और निष्कर्ष मौजूदा परिस्थितियों के आकलन से निर्धारित न होकर जड़ीभूत विचारों और आग्रहों से निकले हैं। उसने शायद इस तरफ ध्यान भी नहीं दिया है कि मौजूदा समय में स्त्री पुरुष के साथ रहने के लिए विवाह ही एकमात्र आधार नहीं रह गया है। पिछले वर्षों में महानगरों में सहजीवन के उदाहरण बढ़ते जा रहे हैं। सहजीवन की अपनी चाहे जितनी जटिलताएं हों लेकिन पारंपरिक विवाह के मुकाबले वह निश्चित ही एक अग्रगामी स्थिति है क्योंकि उसमें साहचर्य का आधार उनका निजी फैसला होता है।



महिला संगठनों और स्त्री मुक्ति के विमर्श में यह दलील लंबे समय से अपनी जगह पर कायम है कि स्त्री का अपनी देह पर अधिकार होना चाहिए। लेकिन परंपरा की दुहाई देने वाले वर्ग को यह विचार पश्चिम से आया प्रदूषण लगता है। हमारा यह नव रूढ़िवादी मध्यवर्ग अमेरिका और यूरोप की भौतिक सुविधाएं तो चाहता है लेकिन उस संस्कृति के मानवीय और प्रगतिशील तत्वों से परहेज करता है। इस तरह वह पश्चिम के कथित खुलेपन को तो अपनी यौन इच्छाओं और फंतासियों के लिए इस्तेमाल करना चाहता है लेकिन उसकी तरह यौन संबंधों की आचार संहिता का सम्मान नहीं करता। आखिर क्या वजह है कि दुनिया के सौ देशों में वैवाहिक बलात्कार को यौन अपराध मान लिया गया है जबकि हमारे यहां नैतिकता के हिमायतियों को घर-परिवार उजड़ने के दुःस्वप्न आने लगे।

यह सही है कि विवाह की विफलता और तलाक आदि के मामलों में कई बार कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग होता है और निर्दोष लोगों को भी झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाता है लेकिन यह स्त्री की स्वायत्तता के खिलाफ तर्क नहीं हो सकता। क्योंकि आरोप जायज है या झूठ यह तय करना कानून की मशीनरी का काम है। इसके आधार पर स्त्री की बुनियादी आजादी का प्रश्न खारिज नहीं किया जा सकता। लिहाजा परिवार और विवाह की संस्थाओं को बचाने की कवायद में समिति ने दो अहम सवालों से पलायन किया है कि स्त्री की देह पुरुष का उपनिवेश क्यों बनी रहे और दूसरा यह कि परिवार व विवाह बचाने की जिम्मेदारी उसी के हिस्से में क्यों आए।

यह सही है कि विवाह की विफलता और तलाक आदि के मामलों में कई बार कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग होता है और निर्दोष लोगों को भी झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाता है लेकिन यह स्त्री की स्वायत्तता के खिलाफ तर्क नहीं हो सकता।

naresh.goswami@gmail.com

दैनिक भास्कर 6.3.2013

रेप विरोधी कानून में जो नया जुड़ा

केंद्र सरकार ने बजट सत्र का इंतजार किए बिना ही रेप मामले में जस्टिस जेएस वर्मा समिति की सिफारिशों के मद्देनजर एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी। अध्यादेश पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होते ही रेप कानून में महत्वपूर्ण बदलाव हो जाएंगे। हां, इस पर छह महीने के भीतर संसद की मुहर लगनी जरूरी होगी-

- रेपिस्ट को मौत की सजा, अगर हादसे की वजह से पीड़ित वेजीटेटिव अवस्था (निष्क्रिय अवस्था या क्रियाहीन अवस्था) में चला जाए। अरुणा शानबाग जैसा मामला इसके तहत आ सकता है। अरुणा शानबाग वह नर्स है जिसका कई वर्ष पहले रेप किया गया था। वह तब से ही वेजीटेटिव अवस्था में है।
- रेप के बाद अगर पीड़ित की मौत हो जाती है तो अभियुक्त के ऊपर रेप और हत्या का मुकदमा चलेगा। इसमें दुर्लभ से दुर्लभतम मामले में सजा-ए-मौत का प्रावधान किया गया है। दिल्ली गैंगरेप के बाद इस तरह के प्रावधान की बहस चली थी।
- नृशंस रेप या गैंगरेप मामले में जिसमें पीड़ित की मौत नहीं हो रेपिस्ट को 20 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान किया गया है।
- कानून की किताब में अब ' रेप' की जगह ' सेक्सुअल असाल्ट' यानी 'यौन हमला' शब्द का इस्तेमाल होगा और इसकी परिभाषा को और व्यापक बनाया गया है। इसमें लिंगभेद नहीं होगा।
- तेजाब से हमले की शिकार अगर अपनी आत्मरक्षा में हमलावर पर हमला बोलती है और इसमें तेजाब से हमला करने वाले की मौत हो जाती है तो महिला या लड़की को माफी दिए जाने का प्रावधान किया गया है।
- तेजाब हमले का दोषी पाए गए व्यक्ति को पीड़ित महिला या लड़की को 10 लाख रुपए हर्जाना देना तय किया गया है। इसमें दस साल की कैद का भी प्रावधान किया गया है।
- किसी महिला को उसकी अनुमति के बगैर छूना, उसके प्रति उत्तेजनापूर्ण शब्दों का इस्तेमाल, ई-मेल पर निगरानी रखना, उत्तेजनापूर्ण हरकत या इशारा और लोगों की मौजूदगी में उसके प्रति अपमानजनक प्रयास करने वाले को एक से पांच साल तक की कैद की सजा।
- किसी महिला का पीछा करना, उसे निर्वस्त्र करना, उसका ध्यान खींचने के लिए विशेष हरकतें करने पर कम से कम सात साल की सजा होगी।
- 18 वर्ष से कम आयु की पीड़ित को बयान दर्ज कराते समय आरोपी का सामना नहीं करना होगा।
- 18 वर्ष से कम, 65 वर्ष से अधिक आयु वाले और अपंग पीड़ित को थाने आने की जरूरत नहीं होगी।
- बचाव पक्ष का वकील पीड़ित के चरित्र पर न तो सवाल उठा पाएगा और न ही इससे जुड़े सवाल कर पाएगा।
- रेप के मामलों में पुलिस या सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने पर गंभीर सजा का प्रावधान।

कुछ गंभीर मामले खारिज

- वैवाहिक दशा में रेप के मामले को अपराध की श्रेणी में नहीं रखा गया। इसमें एक-दूसरे से अलग रहने के दौरान जबरन यौन संबंध स्थापित करना भी शामिल है।
- सुरक्षा बलों द्वारा किए गए रेप मामलों की सुनवाई सामान्य अदालत में करने का प्रस्ताव नहीं माना। रेप मामलों में भी इनके खिलाफ कोर्ट मार्शल की कार्रवाई ही होगी।
- अपनी कमान में रह रहे सुरक्षा बलों द्वारा रेप मामलों को नहीं रोक पाने के लिए वरिष्ठ अधिकारी को जिम्मेदार ठहराने की बात भी कैबिनेट ने नहीं मानी।
- सहमति से यौन संबंध बनाने की आयुसीमा 18 से 16 वर्ष करने की बात भी सरकार ने नहीं मानी।

राष्ट्रीय सहारा 16.3.2013

सिर्फ कानून ही समाधान नहीं

प्रकाश सिंह

लेखक सीमा सुरक्षा बल के पूर्व महानिदेशक हैं

जस्टिस वर्मा ने महिलाओं के विरुद्ध अपराध के रोकने के लिए पुलिस और थानों को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। जैसे महिलाओं को थाने में शिकायत करने की सुविधा हो। हर थाने में वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं। इसी तरह हर क्षेत्र और जनपद के थानों में फोरेंसिक सपोर्ट सिस्टम होने चाहिए पुलिस को स्वायत्त होना चाहिए। उसकी जांच पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।

भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश जेएस वर्मा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट एक प्रशंसनीय रिपोर्ट है। थोड़े समय में उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की विस्तृत व्याख्या की है। इसके लिए तीनों सदस्यों (जेएस वर्मा, हिप्र की पूर्व मुख्य न्यायाधीश लीला सेठ और पूर्व सॉलिसिटर जनरल गोपाल सुब्रमण्यम) की तारीफ करनी होगी। इस रिपोर्ट को पढ़ते हुए हमें खासतौर पर यह ध्यान रखना होगा कि देश में महिलाओं की असुरक्षा का जो वातावरण है, उसका मुख्य कारण वर्मा समिति की रिपोर्ट के अनुसार प्रशासकीय विफलता है। उन्होंने विशेष जोर देकर कहा कि इस प्रशासकीय विफलता की वजह से पूरे देश में एक ऐसा माहौल बन गया है, जिसके कारण महिलाएं आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। रिपोर्ट में उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध को नए सिरे से परिभाषित करने की कोशिश की है। महिलाओं का पीछा करना, तेजाब फेंकना, कामुक निगाह से घूरना, उनकी मर्जी के खिलाफ उन्हें स्पर्श करना जैसी गतिविधियों को अपराध के दायरे में लाने की सिफारिश की गई है।

जस्टिस वर्मा की रिपोर्ट में अपराध की शिकार महिलाओं के मेडिकल ऑपरेशन के बारे में भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं। उन्होंने कहा है कि यदि कोई महिला किसी तरह की हिंसा की शिकार होती है तो उसे तत्काल मेडिकल सुविधाएं मुहैया करवाई जानी चाहिए ताकि जल्दी से जल्दी पीड़ित महिला का इलाज हो सके। इसके अलावा पुलिस सुधार पर भी जस्टिस वर्मा की रिपोर्ट में एक पूरा अध्याय है। उन्होंने पुलिस सुधार के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का केंद्र और राज्य सरकार दोनों को अनुपालन करने का निर्देश दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब तक पुलिस व्यवस्था में आमूलचूल तब्दीली नहीं आएगी, तब तक महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित नहीं होंगी। जस्टिस वर्मा ने महिलाओं के विरुद्ध अपराध को रोकने के लिए पुलिस और थानों को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। जैसे महिलाओं को थाने में शिकायत करने की सुविधा हो। हर थाने में वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं। इसी तरह हर क्षेत्र और जनपद के थानों में फोरेंसिक सपोर्ट सिस्टम होने चाहिए। फिर उन्होंने कहा कि पुलिस को स्वायत्त होना चाहिए। पुलिस और उसकी जांच पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।

रिपोर्ट में एक और अच्छी बात कही गई है जो चुनाव प्रक्रिया में सुधार के लिए जरूरी है। जस्टिस वर्मा ने कहा है कि जनप्रतिनिधि कानून में बदलाव किया जाना चाहिए। और चुनाव प्रक्रिया से अपराधियों को बाहर किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि चुनाव लड़ने के लिए नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के हलफनामे की कैग द्वारा जांच करवाई जानी चाहिए और हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार के प्रमाणन के बाद ही नेताओं को चुनाव लड़ने दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट में उम्मीदवारों की संपत्ति के ब्योरे की भी जांच कराए जाने की सिफारिश की गई है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो जस्टिस वर्मा की रिपोर्ट के कुछ बिंदुओं पर लोग बहस कर सकते हैं। जैसे बलात्कार के बाद जघन्य हत्या पर पापुलर मांग थी कि फांसी का प्रावधान होना चाहिए। लेकिन रिपोर्ट में इसे टाल दिया गया है। रिपोर्ट के इस पहलू को लेकर कुछ लोग नाराज हो सकते हैं। दूसरे कुछ लोग जुवेनाइल एज (18 साल) पर भी नाराजगी जता सकते हैं। क्योंकि कुछ लोगों की मांग थी कि इसे 18 साल से घटाकर 16 साल कर दिया जाए। कुछ लोग कह सकते हैं कि उम्र चाहे जो भी हो अपराधी को उसके अपराध की सजा मिलनी ही चाहिए।

जस्टिस वर्मा की रिपोर्ट के एक और बिंदु पर विवाद संभव है - कमांड रिसपांसिबिलिटी। यदि कोई कनिष्ठ कर्मचारी अपराध करता है तो उसके लिए वरिष्ठों को जिम्मेदार ठहराना तर्कसंगत नहीं है। यदि सीनियर अफसर की जानकारी में जूनियर अफसर किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है, तब उसके सीनियर अफसर को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। लेकिन उसके संज्ञान के बिना यदि किसी जूनियर अफसर द्वारा कोई आपराधिक घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसके लिए सीनियर अफसर को इस मामले में घसीटना मुझे न्यायसंगत नहीं लगता। इसी तरह, रिपोर्ट में उन पुलिस अधिकारियों के लिए कड़े दंड का प्रावधान करने की सिफारिश की गई है जो शिकायत के बाद भी बलात्कार या यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज नहीं करते। दरअसल, थाने में आपराधिक मामलों के पंजीकरण का मामला सरल नहीं है। कई बार राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से मामले दर्ज नहीं हो पाते। वैसे मामले में पुलिस क्या करेगी, जब मायावती मुख्यमंत्री की कुर्सी से यह फरमान जारी करती हैं कि रातोंरात 75 प्रतिशत अपराध कम होने चाहिए।

जहां तक इस बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट को कानूनी रूप देने का सवाल है इस पर सरकार को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी पड़ेगी। इसे सरकार ठंडे बस्ते में नहीं डाल पाएगी; क्योंकि पिछले दिसंबर की घटना के बाद देशभर में फैले तीव्र जनाक्रोश के बाद सरकार ने इस कमेटी का गठन किया था। इस रिपोर्ट को अभी तक बहुत से लोगों ने पढ़ा नहीं है, अभी इस पर चर्चा होना बाकी है। लोग इसके विभिन्न बिंदुओं पर बहस करेंगे। इसलिए सरकार इस पर कितनी कार्रवाई करती है यह आने वाले समय में ही पता चलेगा। लेकिन सरकार को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध से संबंधित कानूनों में संशोधन लाना ही होगा।

दरअसल, महिलाओं के प्रति अपराध को रोकने के लिए आज एक कड़े कानून की जरूरत है लेकिन महिलाओं से संबंधित अपराध पर पुनर्विचार करने की भी जरूरत है। समाज में जो बदलाव हो रहा है, उसमें कुछ सकारात्मक और कुछ नकारात्मक चीजें भी हो रही हैं। हमें इसे फिर से देखने की जरूरत है: अपराध से निबटना एक बात है और अपराध क्यों हो रहे हैं उस पर चिंतन करना दूसरी बात। समाजशास्त्रियों को इस विषय पर सोचना चाहिए। मूल्यों में बदलाव, उपभोक्तावादी संस्कृति का प्रचार प्रसार, शराब के इस्तेमाल में बढ़ोतरी आदि भी महिलाओं के विरुद्ध अपराध में वृद्धि के कारण हैं। इसी तरह समाज में पाश्चात्य मूल्यों का जो अंधानुकरण हो रहा है, उसमें औरतों को सिर्फ मांस का एक टुकड़ा समझा जा रहा है, इसलिए हमें कानून कड़े करने के साथ साथ ये अपराध क्यों हो रहे हैं, उन्हें भी सामाजिक स्तर पर देखना होगा। मैं, पाश्चात्य संस्कृति के विरुद्ध नहीं हूं लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के कुछ मूल्य ऐसे हैं, जिनसे हमारे देश की महिलाओं के विरुद्ध अपराध बढ़े हैं। इसी तरह मीडिया की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सिर्फ पुलिस व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराकर बचा नहीं जा सकता। मीडिया को भी अपने गिरेबान में देखना चाहिए। देश में जो सामाजिक बदलाव हो रहे हैं, उनमें महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए हमें महिलाओं की सुरक्षा के बारे में समग्रता से सोचना पड़ेगा।

दैनिक भास्कर 25.1.2013

उचित प्रावधानों की अनुचित आलोचना

महिला सुरक्षा

कमलेश जैन

कई महिला संगठनों और महिला व बाल विकास मंत्री कृष्णा तीरथ की असहमति के बावजूद बृहस्पतिवार को कैबिनेट ने लड़कियों के लिए शारीरिक संबंधों वाले प्रावधान में सहमति की उम्र 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने का निर्णय लिया है। इसके साथ संशोधित क्रिमिनल लॉ (एमेंडमेंट) बिल-2013 अब संसद के सामने होगा। इस विषय पर सारे देश में बहस जोरों पर है। खासकर इस बात पर कि प्रोटेक्शन फ्राम सेक्सुअल ऑफिंसेज एक्ट-2012 (अब से पोक्सो) में किशोर लड़कियों की यौन सहमति की उम्र को 18 वर्ष से घटाकर भारतीय दंड संहिता की धारा 375 (बलात्कार) में 16 वर्ष कर दिया गया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 375 (6) में लड़कियों की यौन सहमति की उम्र सदा से ही 16 वर्ष रही है। वहां कोई बदलाव नहीं है। पोक्सो एक्ट में अवश्य सहमति की उम्र 18 वर्ष रही, जिसे अब 16 वर्ष मान लिया गया है। कहा जा रहा है कि दोनों कानूनों में यह फर्क क्यों? यहां समझना होगा कि 'पोक्सो' का उद्देश्य बच्चों को यौन आघात से सुरक्षित करना है। कोई घर में या बाहर उनके साथ छेड़छाड़ करता है, उन्हें यौनिक रूप से तंग करता है, जो बच्चे अकेले हैं और बड़ों के द्वारा प्रताड़ित हैं- उन्हें हर तरह की सुरक्षा देना है, विशेषकर शारीरिक यौन शोषण से। जबकि भारतीय दंड संहिता एक विशुद्ध अपराध कानून है, जहां धारा 375 में बलात्कार की ही बात की जाती है और उससे जनित अपराध तथा सजा की व्याख्या होती है। दोनों कानूनों का उद्देश्य अलग है, पर जहां तक स्वेच्छा से यौन संबंध बनाने तथा ऐसे संबंधों की सहमति देने की बात है तो वहां किशोरों को इस नैसर्गिक आकर्षण से वैसे ही नहीं रोका जा सकता है जैसे उन्हें खाना खाने या पानी पीने। यह इच्छा उम्र तथा समय के साथ स्वतः जागृत होती है- किसी शिक्षा को प्रदान करने या कानून के या समाज के रोक लगाने से नहीं। कुछ लोगों को उस उम्र में यौन संबंध सहमति से बनाने में रोका नहीं जा सकता।

आज के दौर में बच्चे खान-पान, जागरूकता, इंटरनेट, सिनेमा आदि की वजह से पहले की अपेक्षा जल्दी परिपक्व हो रहे हैं। 16 वर्ष की उम्र ऐसी ही उम्र है जिसमें किशोर वर्ष में ही परिपक्व होंगे और भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के अंतर्गत आए बच्चे 16 वर्ष की उम्र में परिपक्व होंगे। दोनों ही जगह बच्चों का शारीरिक, मानसिक तथा यौनिक विकास एक-सा होगा।

कहा यह भी जा रहा है कि शहरों की अपेक्षा गांव के बच्चे 16 वर्ष में कम परिपक्व होंगे। यह आज की परिस्थिति में एक गलत

- महिलाओं के साथ बलात्कार और अन्य अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान करने वाले विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो गई है। विधेयक में तेजाब से हमला, पीछा करना, घूरना और छिपकर ताकझांक करने को आपराधिक कृत्य माना गया है, जिसमें कड़ी सजाओं का प्रावधान है
- उद्देश्य केवल एक है। वह यह कि स्त्री कोई खिलौना नहीं है जिसे पुरुष जब चाहे, जहां चाहे खेले और रौंद दे। वह भी एक इंसान है। उसके सारे अधिकार-स्वाभिमान, अपने शरीर पर अपना संपूर्ण अधिकार- वैसे ही है, जैसे किसी पुरुष के हैं

बिना किसी अपराध भावना के करीब आ जाते हैं। ऐसे में 16 वर्ष की लड़की की सहमति से बनाए गए यौन संबंध में लड़की को छोड़ दिया जाए और लड़के को जेल भेजा जाए तो यह गलत होगा। हां, जहां तक जोर-जबरदस्ती की बात है तो वहां तो किसी भी उम्र की महिला के साथ किया गया कृत्य अपराध ही है। अतः इन दोनों कानूनों में आपसी सहमति से संबंध की उम्र 16 वर्ष सही है। ऐसा तो नहीं कहा जा सकता है कि 'पोक्सो' के तहत आए बच्चे 18 आकलन होगा। कारण, गांव में भी खान-पान, अनेक बच्चों का कच्ची उम्र में विवाह (बाल विवाह भी), टीवी और फिल्मों का प्रसार, समय व्यतीत करने की समस्या जैसी स्थितियां किशोरों को जल्द ही परिपक्व बना देती हैं। इस रूप में वे भी शहर के किशोरों की तरह यौन संबंध बनाने के लिए लालायित हो सकते हैं। ऐसे में दोनों जगहों पर कानून में उम्र का एक होना ठीक ही है।

एक बहस यह भी हो रही है कि शादी, ड्राइविंग, मतदान, शराब-सिगरेट पीने आदि की उम्र जब 18 वर्ष या इससे अधिक है तो सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र 16 वर्ष क्यों? ऐसी तुलना करना गलत होगा। शादी करने, शराब-सिगरेट पीने या वोट देने की उम्र 18 वर्ष तय करने या इसे 19-20-21 तय कर देने से कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई चाहे तो अपने आपको इतनी उम्र तक इन कार्यों से अपने को रोके रख सकता है। यहां किसी काम को करना, किसी सुविधा को प्राप्त करना या न करना अपने हाथ में है, पर शारीरिक यौन परिपक्वता को रोक पाना अपने वश की बात नहीं है। यहां परिपक्वता आते ही ऐसी भूल होना स्वाभाविक है और इस भूल को अपराध बना देना ठीक नहीं है। जोर-जबरदस्ती की बात अलग है। कहा जा रहा है कि पोक्सो 2012 में ही बना तो इतनी जल्दी क्यों बदला जा रहा है। वास्तव में 2012 के एक्ट में ही खामियां थीं और उन्हें जितनी जल्दी सुधार लिया जाए, उतना अच्छा है। इसी तरह जो लोग यह कह रहे हैं कि शादी 18 में, तो 16 से 18 के बीच यौन संबंध को कानूनी स्वीकृति क्यों? यहां स्वीकृति किसी को नहीं है, फिर विवाह करना बहुत सारी जिम्मेदारियों से भरी बात है। जिसके लिए 16 वर्ष की उम्र सही नहीं होगी, पर सहमति के लिए 16 वर्ष की उम्र भूल की उम्र तो हो सकती है पर अपराध की कतई नहीं।

पिछले डेढ़ साल से मानव संसाधन मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय में यही बहस चलती रही है कि क्यों नहीं हर जगह बच्चों की उम्र 18 वर्ष ही रखी जाए, पर यह सही नहीं है। मानव संसाधन विभाग की स्टैंडिंग कमेटी यह भी कह रही है कि पोक्सो से सहमति की उम्र के प्रावधान को बाहर ही कर दिया जाए। कारण यह यूएनसीआरसी 1989/1992 (यूनाइटेड नेशंस चाइल्ड राइट्स कंवेंशन) तथा जेजे (जुवेनाइल जस्टिस) एक्ट 2000/2006 के खिलाफ होगा, जहां किशोर की उम्र 18 वर्ष है। यहां यह कहना आवश्यक होगा कि यूएनसीआरसी 1989 काफी पुराना है और पिछले 24 वर्षों में हर देश में बच्चों के मानसिक, शारीरिक, यौनिक स्वास्थ्य में काफी बड़ा बदलाव आया है जिसके तहत बहुत से देशों में 16 से 18 वर्ष की उम्र में जघन्य अपराधों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है; अतः जेजे एक्ट में भी किशोर की उम्र भारत में 16 वर्ष ही होनी चाहिए, जैसे कि कई राष्ट्रों में की गई है। जेजे एक्ट में एक किशोर अपराधी की उम्र 22 अगस्त, 2006 से (एक्ट 33 ऑफ 2006 द्वारा) ही 16 वर्ष से 18 वर्ष कर दी गई, जो एक बड़ी भूल थी। यह बढ़ोतरी उस समय की गई जब बच्चे पहले से ज्यादा जल्दी युवावस्था प्राप्त करने लगे थे।

बिल में बलात्कार शब्द वापस लाया जा रहा है। बलात्कार, स्टाकिंग (यौन हमला करने की नीयत से पीछा करना, जो लड़की के मन में अपने शरीर पर आक्रमण का भय पैदा कर दे), वोयेरिज्म (सार्वजनिक जगहों पर, बाथरूम, माल्स चेंजिंग रूम आदि में ताक झांक, वीडियो और कहीं सीसीटीवी कैमरा या मोबाइल से तस्वीर खींचना- जिसका उद्देश्य यौन कुचेष्टा या परेशान करना हो), या शारीरिक छेड़छाड़ या वैसी यौनिक कुचेष्टा जो अपमानित और परेशान करने वाली हो, को यौन अपराध माना गया है तथा इसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है।

महिलाओं के साथ बलात्कार और अन्य अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान करने वाले विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो गई है। विधेयक में तेजाब से हमला, पीछा करना, घूरना और छिपकर ताक झांक करने को आपराधिक कृत्य माना गया है, जिसमें कड़ी सजाओं का प्रावधान है। कानूनों में इतने सारे बदलावों का उद्देश्य केवल एक है। वह यह कि स्त्री कोई खिलौना नहीं है जिसे पुरुष जब चाहे, जहां चाहे खेले और रौंद दे। वह भी एक इंसान है। उसके सारे अधिकार-स्वाभिमान, अपने शरीर पर अपना संपूर्ण अधिकार- वैसे ही है जैसे एक पुरुष का है। संविधान में स्त्री-पुरुष बराबर हैं। अब कोई पुरुष बिना स्त्री की इच्छा के उसे छू नहीं सकता है, उससे अभद्र बातें नहीं कर सकता है और उसके शरीर पर किसी प्रकार का प्रहार नहीं कर सकता। यह एक अपराध है, जिसे करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है।

(लेखिका सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। लेख में व्यक्त विचार उनके निजी हैं)

राष्ट्रीय सहारा 16.3.2013

देशभर में दुष्कर्म रोधी कानून लागू

आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक-2013 को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

- दुष्कर्मी को आजीवन कारावास जो 20 साल से कम नहीं होगा
- तेजाबी हमला करने वाले दोषियों को दस साल की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली सामूहिक दुष्कर्म की घटना के खिलाफ देशभर में हुए उग्र विरोध प्रदर्शन आखिरकार रंग लाए। उम्रकैद और मौत की सजा जैसे कड़े प्रावधानों वाला दुष्कर्म रोधी कानून बुधवार से पूरे देश में लागू हो गया है। राष्ट्रपति ने मंगलवार को इस कानून को मंजूरी दी। इसमें दुष्कर्म के अलावा तेजाबी हमले, पीछा करने और घूरने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, यह कानून आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक-2013 के नाम से जाना जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली सामूहिक दुष्कर्म की घटना के खिलाफ उमड़े जनाक्रोश में ऐसे अपराधों को रोकने के लिए देशभर से कड़े कानून बनाने की मांग उठी थी। इस कानून को लोकसभा ने तमाम संशोधनों के साथ 19 मार्च को, जबकि राज्यसभा ने 21 मार्च को पारित किया था। इसके लिए तीन फरवरी को अध्यादेश जारी किए गए थे। इस कानून के तहत दुष्कर्म जैसे अपराधों में दोषी को सश्रम उम्रकैद का प्रावधान किया गया है, जो किसी भी दशा में 20 साल से कम नहीं होगी। यही नहीं इस तरह के अपराधों के लिए दोबारा दोषी पाए गए अपराधी को फांसी की सजा का प्रावधान भी है। महिलाओं का पीछा करने, ताक-झांक करने व घूरने को भी पहली बार परिभाषित किया गया है। ऐसे मामलों में पहली बार सिर्फ सख्त चेतावनी देकर छोड़ने के बाद दोबारा इस तरह की हरकत करने पर गैर जमानती अपराध माना जाएगा। वहीं, महिलाओं पर तेजाब से हमला करने वालों को 10 साल की कैद की सजा का प्रावधान है। कानून में सहमति से सेक्स करने की उम्र 18 साल ही रखी है। देश के सभी अस्पतालों को इस कानून के दायरे में लाया गया है। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों को दुष्कर्म की शिकार और तेजाबी हमले की पीड़िता को निशुल्क इलाज करना होगा। इसमें लापरवाही बरतने वाले अस्पतालों के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। अगर दुष्कर्म पीड़िता स्थायी और अस्थायी रूप से मानसिक और शारीरिक तौर पर अक्षम है तो दुभाषिए या फिर विशेष शिक्षक की मदद से मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसके बयान को रिकार्ड किया जाएगा। कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जाएगी। कानून बनाने के लिए इसके लिए भारतीय दंड संहिता, अपराध प्रक्रिया संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम की कई धाराओं में संशोधन किए गए।

अमर उजाला 4.4.2013

आपराधिक प्रक्रिया संहिता (संशोधन)

प्रताड़ित करने पर सख्त सजा

■ कमलेश जैन
(वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)

महिलाओं को प्रताड़ित करने पर मिलने वाली सजा में जो संशोधन हुए हैं, वे क्या हैं?

-एक पाठिका

आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा-154 में संशोधन, 2013- यदि बलात्कार, तेजाब से जलाने, पीछा करने, अश्लील फोटो खींचने आदि जिन भारतीय दंड संहिता की धाराओं में 2013 में संशोधन हुआ है, की एफआईआर दर्ज करवाने यदि महिला जाती है तो उसका बयान महिला पुलिस अधिकारी या कोई महिला अधिकारी ही लेगी।

यदि पीड़िता, जिसके खिलाफ उपरोक्त अपराध किया गया है या ऐसा प्रयास किया गया है, वह खुद स्थायी या अस्थायी तौर पर शारीरिक तथा मानसिक रूप से अपंग है तो ऐसी पीड़िता का बयान या उसके बारे में किसी के द्वारा पीड़िता के घर या उसकी सुविधानुसार जगह पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जाएगी। यह बयान किसी 'इंटरप्रेटर' या 'स्पेशल एडुकेटर'- भाषा समझने वाले या खास विधा में पारंगत व्यक्ति- बधिर की भाषा- इशारा समझने वाले के सामने होगा।

ऐसे बयान की रिकॉर्डिंग वीडियोग्राफी होगी।

यह बयान न्यायिक अधिकारी के सामने होगा।

धारा-160 में संशोधन किया गया है- 15 वर्ष से कम उम्र की लड़की या 65 वर्ष से ज्यादा की महिला या स्त्री मानसिक या शारीरिक रूप से अपंग स्त्री जोड़ा गया है। पहले इस धारा में मात्र 15 वर्ष से कम उम्र की स्त्री या स्त्री ही था।

धारा 161- में संशोधन के अनुसार, अब उपरोक्त अपराधों के खिलाफ पीड़िता या उसके सहायकों का बयान महिला पुलिस अधिकारी या कोई महिला अधिकारी के समक्ष होगा।

धारा-164- के अनुसार, उपरोक्त बयान न्यायिक अधिकारी के सामने होंगे जैसे ही ऐसी घटनाओं की खबर पुलिस को प्राप्त होती है। ऐसे वीडियोग्राफ्ड बयान शारीरिक, मानसिक रूप से अपंग पीड़ित के बयान अदालत में दोबारा एक्जामिनेशन-इन चीफ (पीड़िता या गवाहों के अदालत में ट्रायल के दौरान लिए गए पहले बयान) में नहीं पूछे जाएंगे यानी इन वीडियोग्राफ्ड बयानों पर सीधे क्रास एग्जामिनेशन हो सकेगी।

धारा-197- तेजाब या ज्वलनशील पदार्थ से जलाने वाले, अश्लील छेड़छाड़ करने वाले, स्टॉकिंग या वोयेरिज्म करने वाले, किसी भी प्रकार का बलात्कार करने वाले अपराधी यदि पब्लिक सर्वेंट या 'जनसेवक हैं- किसी सरकारी पद पर हैं तो उन्हें इन अपराधों में प्रोसिक्यूट करने वालों को सरकार की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

धारा-273- यौन प्रताड़ना वाले मुकदमों में यह ध्यान रखा जाएगा कि पीड़िता को कभी भी अभियुक्त के सामने रखकर बयान नहीं लिया जाएगा।

धारा-309- ऐसे मुकदमों की ट्रायल रोज-रोज की जाएगी। वकीलों को मुकदमे में समय नहीं दिया जाएगा जब तक कि यह नितांत जरूरी न हो।

उपरोक्त संशोधनों के अलावा, भारतीय साक्ष्य अधिनियम में भी निम्नलिखित जरूरी संशोधन किए गए हैं।

धारा-53 ए के अनुसार, यौन प्रताड़ना, यौन हिंसा, बलात्कार आदि के सभी मुकदमों में अब पीड़िता से उसके पिछले चरित्र, यौन अनुभव आदि के बारे में कोई सवाल नहीं किए जा सकेंगे, न तो पुलिस द्वारा और न ही अदालत में वकीलों या न्यायिक अधिकारियों द्वारा।

धारा-114 ए के अनुसार, बलात्कार के मामलों में यदि पीड़िता कहती है कि उसने अभियुक्त को अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने की सहमति नहीं दी थी तो यह मान लिया जाएगा कि उसकी सहमति किसी भी तरह के यौन संबंध के लिए नहीं थी।

धारा-119 के अनुसार, यदि गवाह अपनी भाषा में अदालत में अपनी बात नहीं रख सकता है- गूंगा है तो वह इशारे से, लिख कर अपनी बात अदालत के सामने रख सकता है- खुली अदालत में यही उसका मौखिक बयान समझा जाएगा। इस बयान की वीडियोग्राफी होगी और गवाह की सुविधा के लिए एक इंटरप्रेटर भी मौजूद होगा। इसी तरह प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्सेज एक्ट, 2012 में संशोधन किया गया है कि-

धारा-42- जहां उपरोक्त सारे यौन अपराध स्टॉकिंग, अश्लील छेड़छाड़, वायेरिज्म, बलात्कार आदि बच्चों के साथ किये गये हैं तो वि प्रो ऑ सी आ एक्ट 2012 या आईपीसी में से, जिसमें भी ज्यादा सजा का प्रावधान है, वही सजा अभियुक्त को मिलेगी।

चलते-चलते

इंदौर की जिला अदालत ने 17 मई 2013 को सोहन लाल चौहान को अपनी पत्नी के गुप्तांग में ताला लगाकर रखने के आरोप में 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी है। यह अपराधी अपनी पत्नी से बच्चों को कभी मिलने नहीं देता था। हालांकि गवाह 'दुश्मन' करार दिये गये थे पर डॉक्टर की गवाही ने पीड़िता के अभियोग को सच्चा पाया गया। जब पीड़िता ने इस प्रताड़ना से दुखी होकर जहर खा लिया था शरीर से जहर निकालने के लिए जब डॉक्टर ने चिकित्सा की तो इस रहस्य का पता चला। यह घटना चार साल पुरानी थी। पति ने सर्जरी करवा कर पत्नी पर डोमेस्टिक लॉक लगवाया था। यह घटना संवेदनाओं को सुन्न कर देने वाली है। इस अमानवीय एवं क्रूर कृत्य को देख डॉक्टर, अदालत सबके होश उड़ गये।

राष्ट्रीय सहारा 19.5.2013

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम विधेयक कानून बना

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (भाषा)। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके बाद यह विधेयक कानून बन गया है। घर में काम करने वाली महिलाओं को भी इसके दायरे में लाया गया है। इस कानून के तहत इस तरह की शिकायतों को संस्थान की समिति 90 दिन में निपटाएगी। ऐसा नहीं होने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

यह विधेयक इस साल फरवरी में संसद में पास हुआ था। इस नए कानून के दायरे में घरेलू नौकरानी और खेत में काम करने वाली श्रमिकों को भी लाया गया है। इस कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसमें झूठे या द्वेषपूर्ण आरोपों से सुरक्षा के भी प्रावधान हैं।

जनसत्ता 2.5.2013

रेप मामले में उंगली परीक्षण निजता का हनन

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बलात्कार की शिकार युवती का उंगली परीक्षण उसकी निजता पर सीधा हमला है। वैज्ञानिक युग में इस तरह के परीक्षण से जल्द से जल्द छुटकारा मिलना चाहिए। टेस्ट की सकारात्मक रिपोर्ट का यह मतलब नहीं है कि यौन संबंध युवती की सहमति से बनाए गए।

जस्टिस बीएस चौहान की अध्यक्षता वाली बेंच ने सामूहिक बलात्कार के मुजरिम की याचिका पर निर्णय देते हुए द्विउंगली परीक्षण की विश्वसनीयता और उपयुक्तता पर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों को समझना चाहिए कि ट्रायल उस महिला का नहीं चल रहा जो बलात्कार की शिकार हुई बल्कि अभियुक्त के खिलाफ आरोप साबित करने के लिए मुकदमे को अंजाम दिया जा रहा है। उसने सवाल किया आखिर उंगली परीक्षण से यह कैसे साबित हो सकता है कि युवती या महिला से बलात्कार हुआ या नहीं। इस परीक्षण का बचाव पक्ष अपनी तरह से व्याख्या करते हैं और सकारात्मक रिपोर्ट आने पर महिला के चरित्र पर लांछन लगाया जाता है। बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि महिला भले ही चरित्रवान न हो

■ **सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, उंगली परीक्षण से यह कैसे साबित हो सकता है कि युवती या महिला से रेप हआ या नहीं**

लेकिन इससे किसी को भी उससे अपनी हवस मिटाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। रेप में महिला के चरित्र पर संदेह करना निरर्थक है।

हरियाणा के जिंद जिले में छठी कक्षा की छात्रा से बलात्कार के मुजरिम राजेश की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 13 साल नौ माह की छोटी सी उम्र में दरिंदों की हवस का शिकार बनी बालिका के चरित्र पर लांछन लगाकर अभियुक्त को बचाने की कोशिश को स्वीकार नहीं किया जा सकता। नाबालिक लड़की से बलात्कार के मामलों में सहमति का सवाल ही नहीं उठता। अगर नाबालिग लड़की ने यौन संबंध के लिए सहमति दी भी है तो भी उसकी हामी का कोई मतलब नहीं है। उसकी सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंध कानून की नजर में बलात्कार है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने लगभग एक दर्जन फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि पीड़िता के चिकित्सकीय परीक्षण का पैमाना तय करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र यौन उत्पीड़न का शिकार महिलाओं की गरिमा और उनके मानवाधिकार को लेकर प्रस्ताव पारित कर चुका है। पीड़िता पर किए जाने वाले परीक्षण के लिए उसकी सहमति आवश्यक है।

राष्ट्रीय सहारा 19.5.2013

नामः ----------

कामः ----------

धामः ----------

फोन/ई–मेलः ----------

नोटसः ----------

नोटसः

नोटसः ---

नोटसः

नोटसः

नोटसः

नोटसः

नोटसः

बी–114, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली 110017
फोनः 011 26691219, 26691220
हेल्पलाइनः 011 26692700 / 8800996640 (सोम से शुक्र प्रातः 9.30 से सांयः 5.30)
jagori@jagori.org, www.jagori.org